26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 7 नवम्बर, 2025
अंक- 14 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# 'आवारा पशुओं को सड़कों-हाईवे से हटाएं'

## सुप्रीम कोर्ट का राज्यों-NHAI और निकायों को निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अहम निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि सभी आवारा पशुओं को सड़कों, राज्य के हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे लेकर राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नगरपालिकाओं को भी निर्देश जारी किया है। इतना ही नहीं कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए हाईवे निगरानी टीमें बनाई जाएं जो उन्हें पकड़ कर सड़कों से हटाएगी और शेल्टर होम्स में रखेगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आगे आवारा कुत्तों के मुद्दे पर भी आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें शेल्टर होम में जगह दी जाए। साथ ही उन्हें टीकाकरण के बाद भी उसी इलाके में न छोड़े जाने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी की बात कही।

Now In Bijnor
Carrier Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
VINSUR PRODUCTS
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223

# दवा कारोबारी ने खुद को गोली मारी, मौत





सोहित का फाइल फोटो।

**बिजनौर (चिंगारी)।** आज दोपहर यहां नगीना चक्कर चौराहे के पास दवाइयां का कारोबार करने वाले एक युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक कैमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार का भान्जा था।

हीमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुर गदई निवासी सोहित (35 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र बिजनौर में नगीना मार्ग पर चक्कर चौराहे के पास दवाइयों का कारोबार करता था। उसकी श्री शक्ति बायोटेक के नाम से दवाइयों की एजेंसी थी। सोहित के आसपास दुकान करने वाले लोगों का कहना है कि करीब साढ़े 12 बजे अचानक सोहित की एजेंसी से धमाके की तेज आवाज आई। लोगों ने जाकर देखा तो सोहित लहूलुहान स्थिति में पड़ा था। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही एसपी सिटी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि सोहित ने खुद को गोली मारी है। उसकी दायीं कनपटी पर गोली लगी थी। घटना से सोहित के परिजनों में कोहराम मच गया। सोहित ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया पता नहीं चल सका। पुलिस जांच कर रही है। सोहित कैमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार का भान्जा था। सोहित शादीशुदा था, उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।

For Rent
2 BHK Flat, 4 BHK Flat
2 BHK Flat with open terracl
1 Showroom aviail-able for Rent
Location- Krishna Plaza, Near SRS Mall Shakti Chowk, Bijnor
Contact No.: 8899505500

ATHER
बिजनौर में खुल गया है
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901

ज़मीन बिकाऊ
बिजनौर नगर पालिका क्षेत्र से एक किमी दूर नगीना रोड पर स्थित गांव पेदी में सात बीघा कमर्शियल जमीन बिकाऊ
संपर्क 9873687378/ 8307293020

# खेत में लगे पिंजरे में कैद हुई फिशिंग कैट

## ग्रामीण ने गुलदार बताते हुए वन विभाग को दी सूचना

### वन विभाग ने फिशिंग कैट को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**नहटौर ( चिंगारी )। गुलदार पकड़ने के लिए लगाये पिंजरे में फिशिंग कैट ( जंगली बिल्ली ) कैद हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गुलदार का बच्चा बताते हुए वन विभाग को मामले की जानकारी दी। वन विभाग में ग्रामीणों को समझाते हुए फिशिंग कैट को रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ दिया।**

दामनगर लकड़ा के आसपास गुलदार देखे जाने की जानकारी मिली थी। ग्रामीण ज्येष्ठवीर सिंह जोजो आदि ग्रामीणों की शिकायत पर



वन विभाग द्वारा काफी समय पहले पिंजरा लगाया गया था। कल बृहस्पतिवार को जैसे ही ग्रामीण मुनेंद्र सिंह खेतों की ओर गए तो पिंजरे में गुलदार जैसा जानवर दिखाई दिया। ग्रामीणों ने गुलदार का बच्चा बताते हुए वन विभाग को मामले की जानकारी दी। वन विभाग की ओर से पहुंचे शुभम मलिक और राणा प्रताप ने ग्रामीणों को बताया कि यह गुलदार अथवा उसका बच्चा नहीं है। यह फिशिंग कैट उर्फ जंगली बिल्ली है, जो हानिकारक नहीं है। यह विलुप्त होने के कगार का जीव है। जिसे रेस्क्यू करने के उपरांत वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जंगल में ही छोड़ दिया गया।

## 16 नवंबर को होगा अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के मेधावियों का सम्मान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र-छात्रा कल्याण समिति के तत्वावधान में 16 नवंबर को होने वाले अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के सम्मान समारोह की सफलता को लेकर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विक्की हल्दुवा, देवेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश सिंह एवं चंद्रहास सिंह द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया। 16 नवंबर को इंदिरा बाल भवन में वे मेधावी सम्मानित किए जाएंगे, जिन्होंने वर्ष 2025 में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में 70 प्रतिशत स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एमएड 60प्रतिशत से परीक्षा उत्तीर्ण की हो व आईएस, पीसीएस, आईआईटी, एमबीबीएस, एमएस, पीएचडी, नेट, जीआरएफ, एमटेक परीक्षा उत्तर्ण की हो। ऐसे मेधावियों के आवेदन अंकतालिका एवं जाति प्रमाण-पत्र की फोटो कॉपी को संलग्न कर राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, तेजपाल सिंह व डीएवी इंटर कॉलेज बिजनौर में लेफ्टिनेंट राजेंद्र कुमार, चंद्रू सिंह, राजवीर सिंह को 10 नवंबर 2025 तक जा कर सकते हैं।

## आसपा नेता वाजिद मकरानी ने चुनाव की तैयारी शुरू की

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली निवासी वाजिद मकरानी ने आगामी जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। वाजिद मकरानी आजाद समाज पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में लगातार क्षेत्र में संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह जिला पंचायत चुनाव दूसरी बार लड़ रहे हैं। पिछले चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी। क्षेत्र के हर संभव विकास व सेवा के लिए वह तैयार है। सभी को सम्मान देना उनका कर्त्तव्य है। उन्होंने बताया कि सभी वर्ग के लोगों का आशीर्वाद उनके साथ है।

## नफीस अहमद बने सपा के जिला उपाध्यक्ष



**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने वरिष्ठ नेता एवं ग्राम बूंदरा कला के पूर्व प्रधान नफीस अहमद को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने अनेक स्थानों पर फूल मालाओं से नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष नफीस अहमद का स्वागत सम्मान किया। पूर्व प्रधान नफीस अहमद को पार्टी का सुधारूं व कर्मठ कार्यकर्ता माना जाता है, जिन्होंने क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की विचारधारा को लगातार मजबूती से आगे बढ़ाने का काम किया है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष नफीस अहमद ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता जताते हुए क्षेत्रीय विधायक स्वामी ओमवेश व पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन का आभार जताया है।

## प्रकाश पर्व पर लंगर का आयोजन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में स्थित गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश पर्व के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे पंजाबी समाज व अन्य समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा कमेटी की ओर से सुखमनी साहिब व लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं व पुरुषों सहित बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गुरुद्वारे के ज्ञानी हरदेव सिंह ने सुखमनी साहिब के पश्चात अरदास कराकर कार्यक्रम में आये सभी भगतों को लंगर के लिए प्रस्थान कराया। कार्यक्रम में आये सभी भगतों ने लंगर ग्रहण किया। कार्यक्रम में पंजाबी समाज व अन्य समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## वाहे गुरु के जयकारों से गूंज उठा गांव

**खासपुरा ( चिंगारी )। गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर गांव खासपुरा में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास देखने को मिला। गांव सतनाम वाहेगुरु के जयकारों से गूंज उठा। बुधवार को न्यू सिंह सभा गुरुद्वारा मेन रोड में विशेष पाठ, शब्द-कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर आयोजित किया गया। गुरुद्वारे में सुबह से ही श्रद्धालु जुटने लगे। गुरुद्वारे के हेड ग्रंथि छत्तर सिंह और भाई अमनदीप सिंह के नेतृत्व में पुरुष,महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों ने ढोलक और शब्द-कीर्तन के साथ गुरु वाणी का गायन किया। रागी जत्थे ने कहा कि गुरु नानक देव ने सभी धर्मो का सम्मान किया और सभी जरूरतमंदों की मदद की। लंगर में सभी धर्म और जाति के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। यहां गुरूद्वारे के प्रधान संसार सिंह, उपप्रधान परवेंदर सिंह काका, महिपाल सिंह पोथीवाल, हरवेंदर सिंह पोथीवाल, नवजोत सिंह, बलराम सिंह, अमरजीत सिंह आदि रहे ।**






## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 8 नवम्बर 2025**

मेष- समझदारी से किया गया निर्णय लाभदायक, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्रोत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दूर या समीप की यात्रा।

वृषभ- साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।

मिथुन- आज दिन 8/15 बजे तक समय विपरीत, जोखिम से नुकसान, व्यावसायिक निराशा, शेष समय में उत्तरदायित्व की पूर्ति, प्रतियोगिता में सफलता, मनोविनोद के अवसर।

कर्क- आज दिन 8/15 बजे तक व्यवस्थित, व्यक्तित्व का विकास, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सफल, शेष समय में प्रतिकूलता, सोचे हुए कार्य अधूरे, भाग्य में न्यूनता।

सिंह- व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का मार्ग प्रशस्त, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, धर्म अध्यात्म की ओर अभिरुचि, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम।

कन्या- समस्या का समाधान पक्ष में, आय के नवीन स्त्रोत, जिम्मेदारियों को निभाने के लिए व्यय, शुभ समाचार की प्राप्ति से हर्ष, संभावित यात्रा संतोषजनक, धनागम।

तुला- आज दिन 8/15 बजे तक व्यवधान, शारीरिक कष्ट, मित्रों से मतभेद, दुर्घटना की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, योजना का कार्यान्वयन, राजकीय लाभ।

वृश्चिक- आज दिन 8/15 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, शुभ भावनाओं का उदय, मनोरथ सिद्धि, शेष समय में जोखिम के कार्य से नुकसान, वैचारिक अस्थिरता।

धनु- आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, निराशा का समापन, अध्यवसाय की ओर रुझान, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवन साथी से सामंजस्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

मकर- व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या के समाधान में स्वयं का निर्णय हितकर, सद्विचारों का उदय, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क का लाभ।

कुम्भ- आज दिन 8/15 बजे तक मानसिक अशांति, विश्वासघात की आशंका, यात्रा में असुविधा, शेष समय में इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, कार्यक्षमता में वृद्धि।

मीन- आज दिन 8/15 बजे तक सफलता, आर्थिक व्यापारिक प्रगति, वैमनस्यता में कमी, प्रसन्नता भी, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभाव, प्रतिष्ठा पर आघात।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# 1937 में बोये गये विभाजन के बीज : मोदी

## यही सोच आज भी देश के लिए बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी ) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नये आत्मविश्वास से भर देता है, और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'गुलामी के उस कालखंड में वंदे मातरम् इस संकल्प का उद्घोष बन गया था और वह उद्घोष था– भारत की आजादी का, मां भारती के हाथों से गुलामी की बेड़ियां टूटेंगी और उसकी संतानें स्वयं अपने भाग्य की भाग्य विधाता बनेंगी।' उन्होंने आगे कहा



'गुलामी के कालखंड में जिस तरह अंग्रेज भारत को नीचा और पिछड़ा बताकर अपने शासन को सही ठहराते थे, इस पहली पंक्ति ने उस दुष्प्रचार को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इसलिए, 'वंदे मातरम' न केवल आजादी का गीत बना, बल्कि 'वंदे मातरम' ने करोड़ों देशवासियों के सामने स्वतंत्र भारत कैसा होगा, वह 'सुजलाम सुफलाम' सपना भी प्रस्तुत किया।'

## आतंक के विनाश के लिए दुर्गा भी बनना जानता है भारत

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, '1927 में महात्मा गांधी ने कहा था 'वंदे मातरम' हमारे सामने पूरे भारत की एक ऐसी तस्वीर प्रस्तुत करता है जो अखंड है... हमारे राष्ट्रीय ध्वज में समय के साथ कई बदलाव हुए हैं, लेकिन तब से लेकर आज तक, जब भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है, तो 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' स्वत: ही हमारे मुंह से निकलता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि बीते वर्षों में दुनिया ने भारत के इसी स्वरूप का उदय देखा है। हमने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं और जब दुश्मन ने आतंकवाद के माध्यम से भारत की सुरक्षा और सम्मान पर प्रहार करने का दुस्साहस किया, तो पूरी दुनिया ने देखा कि नया भारत अगर मानवता की सेवा के लिए कमला और विमला का स्वरूप है, तो आतंकवाद के विनाश के लिए 10 प्रहर धारिणी दुर्गा बनना भी जानता है।

# बिहार में अगली सरकार इंडिया की, तेजस्वी होंगे मुख्यमंत्री- अखिलेश

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भरोसा जताया कि बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, जिसके मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में श्री यादव ने बुधवार को चार चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया, जिसमें नवादा में कौशल यादव, जमुई से प्रत्याशी शमशाद आलम, बांका जिला के बेलहार विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी चाणक्य प्रकाश और भागलपुर के नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी शेख जियाउल हसन शामिल है। श्री यादव ने कहा कि पूरे बिहार में इंडिया गठबंधन के पक्ष में बदलाव की बयार चल रही है। पूरा देश बिहार की तरफ देख रहा है। बिहार की जनता ने हमेशा देश को संदेश देने का काम किया है। बिहार में सरकार बदलेगी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। श्री तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। बिहार की जनता इस बार नौजवान मुख्यमंत्री बनाने जा रही है। नयी सरकार में नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम GAURAV KUMAR TYAGI था जो मैंने अब बदलकर KUMAR GAURAV TYAGI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचान व पुकारा जाये। **-कुमार गौरव त्यागी पुत्र सुभाषचन्द त्यागी निवासी ग्राम गजरौला शिव, तहसील व जिला बिजनौर**

## सूचना

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा बिजनौर में मेरी एक जीवन बीमा पालिसी जिसकी पालिसी संख्या 253391408 है जिसमें मेरा नाम वत्सल कुमार है, परन्तु अब मेरा नाम मेरे समस्त दस्तावेज में अविनाश चौधरी है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम अविनाश चौधरी के नाम से जाना व पहचाना जाये। भारतीय जीवन निगम मेरी पालिसी के भुगतान के रिकार्ड में अविनाश चौधरी दर्ज कर मुझे भुगतान करने की कृपा करें, भुगतान सम्बंधी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी। मेरा आधार नम्बर 370738653238 है। **-अविनाश चौधरी पुत्र सुनीत कुमार निवासी मुहल्ला गोकुल नगर, चांदपुर, बिजनौर**



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## रोजगार और एआई

बेरोजगारी न केवल व्यक्तियों की आय को प्रभावित करती है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति को भी ठेस पहुंचाती है। भारत में, 'स्किल इंडिया' जैसे कार्यक्रम पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन इनकी पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए जहां अधिकांश निम्न-कौशल श्रमिक रहते हैं। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। स्कूलों और कॉलेजों को अपने पाठ्क्रमों को अद्यतन करना होगा ताकि वे डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और अन्य उभरते क्षेत्रों पर ध्यान दें। रोजगार का नुकसान ऐसी चुनौती है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, पुन: कौशल विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से हम संकट को अवसर में बदल सकते हैं। भारत, जिसके पास दुनिया का सबसे अधिक युवा कार्यबल है, इस बदलाव का नेतृत्व कर सकता है, बशर्ते सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र इसके लिए संयुक्त प्रयास करें। भारत ऐसी कार्यबल तैयार कर सकता है, जो न केवल एआई-प्रधान दुनिया में प्रासंगिक रहे, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी अग्रणी भूमिका निभाए। समय की मांग है कि हम चुनौती को स्वीकार करें और समावेशी, कौशल-प्रधान भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं। तकनीक की यही नियति रही है, उसके कुछ सकारात्मक और कुछ नकारात्मक पहलू सामने आते हैं। बिजली से लेकर इंटरनेट तक हर खोज ने इंसानी जिंदगी आसान बनाई, लेकिन उसका अंधेरा पहलू भी मौजूद रहा। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उससे जुड़ी नई पीढ़ी की तकनीक भी उसी बहस के केंद्र में है। एआई से हमारी उम्मीदें थीं कि यह हमारे काम को सरल बनाएगी, नये अवसर खोलेगी और सूचना तक पहुंच आसान करेगी। सच भी है। स्कूलों के बच्चों से लेकर कॉरपोरेट तक, पत्रकारों से लेकर डॉक्टरों तक लाखों लोग एआई टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन हाल के महीनों में कुछ घटनाएं हमें सोचने पर मजबूर करती हैं कि कहीं यह तकनीक जीवनरक्षक की बजाय जीवन संकट का कारण तो नहीं बन रही।

# अच्छे बाहुबली, बुरे बाहुबली?

# माफ़ियाओं को लेकर खलबली!



▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी

**कभी अफ़गानिस्तान के तालिबान यानी कट्टरपंथियों को लेकर पूरी दुनिया में बहस चली थी कि उग्रवादी अच्छे और बुरे भी होते हैं। जब तक वे अमेरिका के खिलाफ लड़ते रहे उनको आतंकवादी बताया जाता रहा, लेकिन अब जब वे अफगानिस्तान की सत्ता में आ गये हैं तो अच्छे और भले हो गये। ऐसे ही बिहार में चुनाव के दौरान जंगलराज की बार-बार चर्चा होती है। इसके लिये बाहुबलियों को टिकट देने, चुनाव जीतने पर सत्ता का संरक्षण देने और विपक्ष में होकर भी उनको बचाने के आरोप सभी दलों पर लगते रहे हैं। अजीब बात यह है कि सत्ताधारी जदयू के बाहुबली अनंत सिंह ने मोकामा सीट से सुराज पार्टी के बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या कर दी, लेकिन जंगलराज का आरोप राजद पर है।**

इस लेख के छपने तक बिहार में पहले चरण का चुनाव हो चुका होगा है। लेकिन जिन बाहुबलियों को लेकर राजनीतिक दलों में भीषण घमासान छिड़ा है, वह शायद दूसरे और अंतिम चरण तक नहीं, बल्कि चुनाव परिणाम आने के बाद भी चालू रहेगा। इस मामले में हालांकि सभी दलों का रिकॉर्ड कमोबेश दागदार है, लेकिन जब जंगलराज की बात चलती है तो राजद को लालूराज के लिये घेरा जाता है। हम इस लेख में एक गंभीर मुद्दे पर चर्चा करेंगे कि आख़िर बाहुबली इतने ही बुरे होते हैं, तो सभी दल उनको चुनाव में टिकट और संरक्षण क्यों देते हैं? दूसरा अहम सवाल है यह है कि अगर सियासी दल सत्ता के लोभ में इन माफियाओं को टिकट दे भी देते हैं, तो जनता इनको क्यों नहीं हरा देती?

तीसरा और अंतिम सवाल यह है कि जब सभी दल समय-समय पर अलग-अलग अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर्स और कुख्यात माफियाओं को संरक्षण और टिकट देते ही हैं तो वे किस मुंह से दूसरे दलों को बाहुबलियों को पालने- पोसने का ज़िम्मेदार ठहराते हैं? क्या सत्ताधारी दल के बाहुबली अच्छे और विपक्ष के बाहुबली बुरे होते हैं? बिहार की तो बात ही क्या, यूपी तक जहां छोटे-छोटे अपराधिक मामलों में भी आरोपियों के पैर में गोली मारकर उनके घरों पर बुलडोज़र तक चला दिया जाता है और कई-कई केस वाले कम चर्चित अपराधी भी फर्जी मुठभेड़ में मार गिराये जाते हैं, वहां भी बड़े अपराधियों, घोषित माफियाओं और कई जाति के सिरमौर बने बाहुबलियों को सत्ता का और विपक्ष का संरक्षण अक्सर मिलता रहा है। सोशल मीडिया में जबरदस्त फजीहत के बाद अनंत सिंह को पकड़ा गया है। यह शर्म की बात है कि न तो सरकार, न ही चुनाव आयोग और न ही छोटी-छोटी बातों पर सूमोटो लेने वाले कोर्ट ने इस हत्या पर कोई गंभीर पहल की। हालांकि जहां सत्ता में आना और उसमें किसी कीमत पर भी चुनाव जीतकर बने रहना ही लोकतंत्र माना जाता हो, वहां जातिवाद, साम्प्रदायिकता, बाहुबली, भ्रष्टाचार, झूठे दावे, बेबुनियाद वादे, चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी जनता के खाते में लाखों-करोड़ सरकार के द्वारा डालते रहना चुनाव आयोग को गलत नहीं लगता। अगर आप गौर से जांच से करें तो आपको पता लगेगा कि चुनाव से ठीक पहले अनंत सिंह और आनंद मोहन सिंह को जेल से बाहर निकाला गया।



इतना ही नहीं, जेल में बंद प्रभुनाथ सिंह के भाई और बेटे को भी टिकट दिया गया। सत्ताधारी एनडीए के घटक दलों ने कुल आठ बाहुबलियों को टिकट दिया है। मोकामा के ही बाहुबली सूरजभान नामांकन की अंतिम तिथि से पहले टिकट नहीं मिलने पर एनडीए से महागठबंधन में आकर टिकट पा गये। यूपी में 2012 के चुनाव में अखिलेश यादव ने अपना दामन साफ रखने के चक्कर में बाहुबली डीपी यादव, रमाकांत यादव, राजा भैया, बृजभूषण शरण सिंह, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी को मुलायम सिंह के लाख कोशिश करने पर भी अंतिम समय पर टिकट पर वीटो लगाकर वह चुनाव तो जीत लिया, लेकिन वे अगली बार 2017 में जब हारे तो पता लगा एक वजह बाहुबलियों से उनका टिकट काटकर पंगा लेना भी था। सच यह है कि सामान्य या सज्जन विधायकों, सांसदों के मुकाबले बाहुबलियों का साम, दाम, दंड, भेद के द्वारा छोटे-छोटे अपराधियों, भ्रष्ट अधिकारियों और असरदार लोगों के साथ एक बड़ा पुख्ता व सक्रिय नेटवर्क होता है, जो उनको न केवल चुनाव जिताने, बल्कि जनप्रतिनिधि बनकर जनता के काम तत्काल कराने के लिये भी मुफीद होता है। उनके नाम के डर से भी वोट मिलते हैं। पुलिस प्रशासन उनके बताये काम लोभ और भय से करने से अकसर मना नहीं करते, जो ऐसा करने की हिमाकत करते हैं उनको सबक ये बाहुबली खुद ही सिखा देते हैं। जनता को इनका यह अंदाज़ अच्छा लगता है।

यहां तक कि ये बाहुबली बच्चों के स्कूल एडमिशन और छोटे-बड़े ठेके, रोज़गार, नौकरी, इंटरव्यू, सड़क, बिजली कनेक्शन, थाने में रपट, राशन कार्ड, विभिन्न सरकारी प्रमाण-पत्र, अस्पताल, ऑप्रिशन तक के काम एक कॉल करके करा देते हैं, जबकि बड़े-बड़े नेता और अधिकारी स्कूल के मैनेजर और प्राचार्य से कई बार कहते-कहते थक जाते हैं, लेकिन वे उनकी कॉल तक सुनते ही नहीं।

बाहुबली अपने क्षेत्र में ही नहीं अपने आसपास के दर्जनभर चुनाव क्षेत्रों में भी उस दल को राजनीतिक लाभ पहुंचाता है, जिसमें वह शामिल है। इलाहाबाद की आधे से अधिक सीटें समाजवादी पार्टी अतीक अहमद के बल पर जीत जाती थी। ऐसे ही बिहार में लालू यादव की सत्ता को लाने से लेकर बनाये रखने में शहाबुद्दीन जैसे बाहुबली बड़ी भूमिका निभाते थे, लेकिन सत्ता बदलने पर अधिकांश बाहुबली नीतीश के दल में चले गये। इससे दोनों को संरक्षण मिला। इस समय शहाबुद्दीन अतीक और मुख्तार जैसे अधिकांश मुस्लिम बाहुबलियों को तो बदली सत्ता का साथ न देने पर ठिकाने लगा दिया गया है, लेकिन हिंदू बाहुबली अभी भी बड़ी संख्या में राजनीति में कई दलों के साथ काम कर रहे हैं। जब तक सियासत में नैतिकता, शुचिता और पवित्रता नहीं आती, बाहुबलियों को किसी न किसी दल में सहारा मिलता ही रहेगा।

**मस्लहल आमेज़ होते हैं सियासत के क़दम,**
**तू नहीं समझेगा सियासत तू अभी नादान है।**

(नोट-लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर के चीफ़ एडिटर हैं।)

# आभूषण चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार



किरतपुर ( चिंगारी )। पुलिस ने शातिर चोरों के गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। इनके पास से चोरी व छीने गये आभूषण व एक स्कार्पियो गाड़ी बरामद हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 7 सितम्बर को मौहल्ला चौहानान, किरतपुर निवासी अरविंद कुमार ने थाने में तहरीर दी थी कि उसकी पत्नी कृष्णा बैंकट हॉल में हो रही भागवत कथा सुनने गयी थी। वहां चोरों ने उसकी व दो अन्य महिलाओं के गले से चेन चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो एक बड़े गिरोह का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने इस गिरोह के सात सदस्य फिरोज निवासी दिल्ली, आरिफ निवासी हापुड़, रेखा

**बरामद हुये छीने गये आभूषण और कार**

पत्नी सतपाल निवासी मेरठ, पूजा उर्फ मुन्नी निवासी गाजियाबाद, रहीमन पत्नी अशरफ व फैसल निवासीगण हसनपुरा, किरतपुर व शाहबाज निवासी मौहल्ला मिर्दगान, किरतपुर को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी व छीने गये आभूषण बेचने में बची रकम के 291210 रुपए बरामद हुए हैं। इनके पास से एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये चोरों ने स्वीकार किया कि करीब दो माह पूर्व उन्होंने कथा के दौरान महिलाओं की चेन चोरी की थी। कुछ दिन पूर्व उन्होंने हरिद्वार में एक व्यक्ति से धोखाधड़ी कर चार सोने के कंगन ठग लिये थे। पुलिस ने सातों का चालान कर दिया है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर बालक की मौत

किरतपुर ( चिंगारी )। गांव सराय इम्मा में आसमा पत्नी अलीमुद्दीन की पुत्री के बच्चा होने की खुशी में कल शाम पांच बजे आसमा, गुलशन पत्नी असलम और आठ वर्ष बालक आयान पुत्र सलीम गांव में मिठाई बांट रहे थे। जब ये तीनों मिठाई बांटते हुए गांव में यासीन के घर के सामने पहुंचे तो सामने से उन्हें एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली आती हुई दिखाई दी। अनियंत्रित ट्रैक्टर को देखकर तीनों मकान की दीवार के साथ खड़े हो गए, लेकिन फिर भी तीनों अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गए। आठ वर्ष बालक आयान पुत्र सलीम की गंभीर हालात को देखते हुए परिजन उसे हॉस्पिटल लेकर आये। वहां उसकी गंभीर हालात को देखते हुए बिजनौर रैफर कर दिया। बिजनौर जाते हुए रास्ते में आयान की मौत हो गई, जबकि दोनों महिलायें आसमा और गुलशन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर में भर्ती करा दिया। बालक आयान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी ने बताया कि अभी उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# पुलकित हॉस्पिटल के द्वारा बैराज पर कराया भंडारा




बिजनौर ( चिंगारी )। पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा 5 नवम्बर के पावन पर्व पर बैराज गंगा घाट बिजनौर पर एमडी सविता मित्तल व चेयरमैन डा. हरीश कुमार मित्तल के द्वारा हवन-यज्ञ व भण्डारे का आयोजन किया गया है, जिसमें लगभग 5 हजार श्रद्धालुओं ने लड्डू व खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया और नि:शुल्क कैम्प में 600 मरीजों को देखा और परीक्षण कर नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया। कैम्प में हॉस्पिटल के संस्थापक डा. हरीश मित्तल ने हड्डी व जोड़ रोग से संबंधित मरीजों को देखा व परीक्षण किया। डा. दिग्विजय चौधरी के द्वारा पेट, लीवर व गोल ब्लेडर, जिगर से संबंधित मरीजों का परीक्षण व जनरल फिजीशियन के द्वारा डेंगू, पीलिया, मलेरिया, मधुमेह व हृदय रोग से संबंधित मरीजों को देखा व परीक्षण किया गया। कैम्प में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ व नेत्र रोग विशेषज्ञ का भी योगदान रहा है।

# स्टैण्ड पर कैम्प लगाया यात्रियों को जलपान कराया



नूरपुर ( चिंगारी )। सामाजिक संस्था वर्ल्ड आर्गेनाइजेशन ऑफ रिलिजियंस एंड नालेज चैप्टर ने बृहस्पतिवार को रोडवेज बस स्टैंड पर कैम्प लगाकर यात्रियों को जलपान कराया। इस अवसर पर शुऐब अंसारी, इरशाद अली, डॉ. इकबाल, डॉ. शहज़ाद अली, डॉ. सैय्यद नोमान अली, फुरकान अहमद, शौकीन अली, मोहम्मद खुर्शीद, मनोज कुमार, दिलशाद गयासुद्दीन व रोडवेज इंचार्ज मूलचंद आदि मौजूद रहे। शुऐब अंसारी ने बताया कि वर्क संस्था जनता और सरकार से किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं लेती है। सारे कार्यक्रम वर्करों द्वारा ही स्वयं के खर्च से आयोजित किए जाते हैं।

# मूल्यांकन के सापेक्ष बोली न लग पाने पर नहीं हो पाई नीलामी

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। अफजलगढ़ विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के अवस्थित जर्जर भवनों की पूर्व में हुई नीलामी में उचित बोली न लग पाने की दशा में बाकी बचे जर्जर भवनों की नीलामी गुरुवार को प्रात: संविलियन विद्यालय उदयपुर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। खुली बोली वाली यह नीलामी खंड शिक्षा अधिकारी अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा व सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान बिजनौर की देखरेख में संपन्न हुई, जिसमें मात्र दो बोलीदाता ही शामिल रहे। दोनों बोलीदाताओं द्वारा मूल्यांकन के सापेक्ष बोली न लगा पाने पर किसी भी विद्यालय के जर्जर भवन की नीलामी नहीं हो पाई। खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा ने बताया कि अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के 18 परिषदीय विद्यालयों के अवस्थित जर्जर भवनों की नीलामी होनी थी, जिनमें से तीन विद्यालयों के जर्जर भवनों की नीलामी कुछ दिन पूर्व हो चुकी है, जबकि बाकी जर्जर भवनों की नीलामी गुरुवार को होनी थी, जो नहीं हो पाई।



विद्यालयों के जर्जर भवनों की नीलामी कराते बीईओ।

# महिला ने पति सहित ससुरालियों पर लगाये गंभीर आरोप

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। एक महिला अपने पति, देवर व ससुर आदि पर गाली-गलोच, मारपीट, बलात्कार के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर थाने पहुंची और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद (बाल्ला कुंआ) निवासी एक महिला का आरोप है कि उसे तीन माह पूर्व उसके पति, देवर व ससुर आदि ने धक्के मारकर घर से निकाल दिया था, तभी से वह स्योहारा क्षेत्र के ग्राम बेरखा स्थित अपने मायके में रह रही थी। गत बुधवार को उसके मायके वाले कई जिम्मेदार लोगों सहित उसे लेकर आपसी नाराजगी दूर करने के मकसद से उसके घर सीरवासुचंद आए। महिला का आरोप है कि उसे व उसके परिजनों को देख उसका पति, देवर व ससुर आदि आगबबूला हो गये और गाली-गलौच पर उतर आए। महिला का कहना है कि गालियों का विरोध करने पर वे लाठी-डंडे निकालकर मारपीट पर उतारू हो गए, जिनसे बमुश्किल कुछ लोगों ने बचाया। महिला का कहना है कि उसका ससुर व देवर उस पर बुरी नजर भी रखते हैं। महिला ने पति पर मारपीट का आरोप लगाने के साथ-साथ देवर व ससुर पर बलात्कार के प्रयास का भी आरोप लगाया। पुलिस का कहना है कि जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**तहरीर लेकर थाने पहुंची**

# मिल में पेराई सत्र के शुभारंभ पर हुआ श्रीरामचरित मानस का अखण्ड पाठ



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के गन्ना पेराई सत्र के शुभारंभ पर श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन से पूर्व मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मिताली गुप्ता द्वारा समस्त देवी-देवताओं का पूजन पंडित सुनील शास्त्री एवं पंडित ओम प्रकाश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से कराया गया। श्री हनुमान मंदिर में यह आयोजन बुधवार की सायं 6 बजे हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर निष्काम गुप्ता द्वारा 15 सदस्यीय धामपुर शुगर मिल कीर्तन कमेटी को घोषित किया गया, जिसके अध्यक्ष जयराम यादव, उपाध्यक्ष चंद्रभान चौबे एवं कोषाध्यक्ष विशेष शर्मा को घोषित किया गया। धामपुर शुगर मिल कीर्तन कमेटी के सदस्य दिलीप सिंह, हरेंद्र सिंह, मुन्नीलाल, बसंत यादव, जवाहर यादव, अनिल उपाध्याय,धीरेंद्र शर्मा, गिरिराज सिंह, लोकेंद्र सिंह, आर.डी. सिंह, पंडित सुनील शास्त्री एवं ओम प्रकाश शर्मा को पटका पहना कर सम्मानित भी किया गया। श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ के समापन पर शुगर मिल के श्रमिकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के रूप में अभय शर्मा,ओमवीर सिंह, सत्यवीर सिंह, सुनील राणा, विवेक सिंह यादव, विकास अग्रवाल, लायक राम, दुर्गेश राठौर, विनोद सिंह राणा, दिनेश भारती, गोविंद अग्रवाल, अजय पांडेय, उज्जवल सिंह एवं कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



धामपुर शुगर मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गोयल व संयुक्त प्रबंध निदेशक ईशान गोयल पत्रकार वार्ता करते हुए।

## मिल प्रबंधन और गन्ना किसान एक-दूसरे के पूरक : गोयल

**धामपुर( चिंगारी )।** शुगर मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गोयल तथा उनके पुत्र संयुक्त प्रबंध निदेशक ईशान गोयल ने कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि धामपुर शुगर मिल प्रबंधन तंत्र और क्षेत्र के गन्ना किसान एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गन्ना किसानों के सहयोग से धामपुर शुगर मिल इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा गन्ना पेराई करने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुई वर्षा से गन्ने की फसल पर कोई नुकसान नहीं हुआ है। हम प्रयास कर रहे हैं कि क्षेत्र के गन्ना किसानों को नई तकनीक से गन्ना उत्पादन करने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी उनका रूटीन वर्क है। इस कार्य में धामपुर शुगर मिल ने उनका पूरा सहयोग किया और पिछले 5 वर्ष तक का उत्तर उनको उपलब्ध करा दिया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्षेत्र की जनता का हमें भरपूर सहयोग मिला है।

## 'लक्ष्य' की टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों को कूड़ा निस्तारण के प्रति किया जागरूक



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत कूड़ा निस्तारण की नागरिकों को जानकारी देते हुए टीम।

**धामपुर ( चिंगारी )।** 'स्वच्छ धामपुर-सुंदर धामपुर' अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, धामपुर द्वारा एनजीओ संस्था 'लक्ष्य की टीम' के माध्यम से कराये जा रहे स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के विषय में नागरिकों को कूड़ा निस्तारण के लिए घर-घर जाकर जागरूक किया जा रहा है। लक्ष्य संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रोशन मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल अनुराग कुमार, अनुज कुमार आदि ने घर-घर जाकर कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा और वेस्ट कचरा के बारे में नागरिकों को जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि प्रत्येक घर में दो प्रकार का कचरा होता है एक गीला तथा दूसरा सूखा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किचन आदि का गीला कूड़ा हरे डस्टबिन में और सुखा कूड़ा नीले डस्टबिन में डालना चाहिए। इसके बाद जब प्रात: काल आपकी गली मोहल्ले में नगर पालिका की कूड़ा उठाने वाली मेट्रो पहुंचे तो उसमें बने हुए खाने में अलग-अलग कूड़ा डाल दें इससे गली मोहल्ला में कूड़ा डालने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वह साफ सुथरी रहेगी। नगर पालिका परिषद के लिपिक नितिन अग्रवाल ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण, स्वच्छता अभियान का प्रथम चरण है इसके पश्चात घरों में प्लास्टिक के डस्टबिन आधार कार्ड के आधार पर वितरित किये जाएंगे।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह की माता जी का निधन



श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए स्वामी रूपेंद्र प्रकाश जी महाराज।

**धामपुर ( चिंगारी )।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान की माता जी श्रीमती शान्ति देवी के निधन पर कल उनके टीचर्स कॉलोनी स्थित आवास पर हरिद्वार से पहुंचे बड़ा उदासीन अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश जी महाराज ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह शरीर नश्वर है और आत्मा अजर अमर है। इसलिए इस दुनिया से सभी को एक दिन जाना है परंतु 94 साल की उम्र में श्रीमती शांति देवी ने अपना शरीर त्यागा और भरे पूरे परिवार को छोड़कर गईं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह, उनके पुत्र अमित चौहान, भाजपा नेता दुष्यंत राणा, आनंद सिंह हर्षदेव सिंह लोकेश शर्मा ,पालिका सभासद सुमित महेश्वरी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## नाली का रूख मुड़वाया, वार्डवासियों ने रोष जताया



**धामपुर ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति के प्लॉट को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पानी निकासी के लिए बनाई गई नाली का रुख परिवर्तित किये जाने पर वॉर्ड नम्बर 6 मोहल्ला नई सराय के नागरिकों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि नाली का रुख मोड़ दिये जाने के कारण सड़क जहां सकरी हो गई है। वहीं पानी का बहाव अव्यवस्थित हो जाने से आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है की पानी निकासी के लिए नाली का ढलान पूर्व की भांति किया जाये। नई सराय निवासी मोहम्मद शमीम कस्सार लकड़ी वाले, मोहम्मद अनवर कस्सार, शाहिद कस्सार, नफीस कस्सार, नासिर अंसारी, आरिफ कस्सार, हाजी राशिद नेशनल बेकरी वाले, हाजी शमसुद्दीन, हाजी राशिद, फरीद अंसारी, इमरान अंसारी, फिरोज अंसारी नजाकत कस्सार, अतहर सिद्दीकी, मजहर सिद्दीकी, अजहर अंसारी बादशाह, सलीम सलमानी आदि ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से नाली का ढलान पूर्व की भांति किये जाने की मांग की है।

## सत्यनारायण की कथा कराई, प्रीति-वैष्णवी को दी विदाई



**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री साई सेवा संघ व हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति के सयुक्त तत्वावधान में डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा तुलसी शालिग्राम विवाह के पश्चात भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया। डॉ. जितेन्द्र कौशिक ने बताया कि संस्था द्वारा 25 वर्षों से तुलसी जी व भगवान शालिग्राम के विवाह के पश्चात भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया जाता है । इस अवसर पर दो कन्याओं प्रीति व वैष्णवी को सत्यनारायण की कथा के पश्चात तुलसी जी भगवान शालिग्राम व कपड़े, रुपये उपहार भेंट किये गये।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्य शशिबाला शर्मा,राजेन्द्र शर्मा, सुदेश शर्मा, प्रतिभा अग्रवाल, सुनीता गोस्वामी, सृष्टि अग्रवाल, तारा जोशी, सार्थक रस्तौगी, लक्ष्य सैनी, अनिल कश्यप, रजनी रस्तौगी, रेखा कात्यायन, अनिल कश्यप, बीना अग्रवाल, भूपेन्द्र चौहान, डॉ. पूनम चौहान, रंजना चौहान, अत्री, खुशी, अनिता, सुनीता सिंह, गम्भीर सिंह, विमला भटनागर, महावीर, समता, वाची, आशा, प्रेरणा गोयल, सरोज आदि उपस्थित रहे । डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राखी कौशिक, उपासना कौशिक, प्रेरणा गोयल, डॉ. पूनम चौहान, भूपेन्द्र चौहान, प्रतिभा अग्रवाल, रजनी रस्तौगी, समता आदि द्वारा दोनों कन्याओं को विवाह उपहार भेंट किये गए। कार्यक्रम में पण्डित परितोष शर्मा द्वारा सत्यनारायण की कथा सुनायी गयी। कार्यक्रम के अंत में आरती के पश्चात सभी को हलवा, पूरी, सब्जी, कसार चरनामृत, खिचड़ी, फलों आदि का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात दोनों कन्याओं को विदाई की गयी।

# मंत्री से मिलकर मार्ग का निर्माण कराया ग्रामीणों ने पाराशर का आभार जताया



पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर के साथ मौजूद ग्रामीण

**नांगल सोती (चिंगारी)।** दिसम्बर, 2022 में सांध्य दैनिक चिंगारी ने चंदक-नांगल-मंडावली जिला मार्ग की बदहाली तथा दशकों बाद भी चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का सपना पूरा न होने का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। चिंगारी में छपे समाचार को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधान परिषद सदस्य सुबोध पाराशर तत्कालीन लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद से लखनऊ में उनके आवास पर मिले थे तथा उक्त मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग की थी। ग्रामीणों ने बताया कि बुडगरा-भोजपुर मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है। ग्राम बुडगरा से मालन नदी तक आरसीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है, जबकि नदी से भोजपुर तक डामर रोड बन चुकी है। उधर वर्तमान लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह की संस्तुति पर दौलतपुर-बुडगरा मार्ग के पुनर्निर्माण को भी मंजूरी मिल गई है। इससे खुश होकर रायपुर बेरीसाल के पूर्व प्रधान ओमपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन सूरज सिंह, अर्जुन सिंह, खुशपाल सिंह, विनोद कुमार, अर्पित चौहान, विवेक चौहान, नितिन चौहान, नीरज राजपूत, योगेश राजपूत, अंशुल राजपूत आदि सैकड़ों व्यक्ति पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर के ग्राम बुडगरा स्थित पाराशर आवास पर पहुंचे और सड़क निर्माण के लिये उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# गंगा आरती के बाद, मेला समाप्त

## इस बार मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी



गंगा आरती करते मेला समिति और स्काउट दल के सदस्य

**नांगल सोती (चिंगारी)।** गंगा के रेतीले तट पर परसों गंगा स्नान का मुख्य मेला आयोजित होने के बाद कल गुदड़ी मेले का आयोजन हुआ। इस बार मेले में पिछले वर्षों की तुलना में भारी भीड़ उमड़ी, जिसका मुख्य कारण बालावाली में गंगा के किनारे मेला आयोजित होने का स्थान न होना रहा। मुख्य मेले के बाद कल गुदड़ी मेले में भी श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। कल भी जहां हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई, वहीं खूब जमकर खरीदारी की। मेला संयोजक/संरक्षक ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने इस बार मेले में भारी भीड़ उमड़ने पर खुशी जाहिर की तथा मेला शांतिपूर्वक सम्पन्न हो जाने पर गंगा मैया का धन्यवाद किया। मेला समिति और भारत स्काउट दल के सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक गंगा मैया की आरती की और उसके बाद शाम को दो दिवसीय मेले का शांतिपूर्वक समापन हो गया। गंगा आरती पं. अरविन्द शुक्ला ने सम्पन्न कराई और आरती में वीरेन्द्र शर्मा, सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, सत्यपाल राजपूत, गौतम कुमार, स्काउट प्रभारी संजय कुमार सिंह, सतेन्द्र यादव, गार्विन चौधरी, सिंधुराज सिंह, अवनीश जोशी, ललित तोमर, माधव शुक्ला, नरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को ड्यूकेट कंपनी का औद्योगिक भ्रमण कराया



**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के बीएससी कम्प्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ड्यूकेट कंपनी ग्रेटर नोएडा का औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण के पहले सत्र में छात्र-छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग की महत्ता तथा वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। द्वितीय सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं ड्रोन तकनीक से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई।

औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य तकनीकी जगत में लगातार हो रहे विकास से छात्र-छात्राओं को अवगत कराना था। ड्यूकेट कम्पनी ग्रेटर नोएडा कम्पनी के ब्रांच मैनेजर श्री वीर सिंह, असिस्टेंट मैनेजर श्री जितेश माथुर, डाटा साइंटिस्ट एंड कॉरपोरेट ट्रेनर श्री आशुतोष हिस्किल, ड्रोन ट्रेनर श्री अभिषेक गुप्ता, मिस सपना कुशवाहा एवं सपोर्टिव स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी जगत में लगातार हो रहे विकास से अवगत कराया।

कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन श्री मनोज कुमार ने बताया कि इस तरह के औद्योगिक दौरे छात्रों को उनके भविष्य के करियर के लिए आवश्यक ज्ञान और अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

साइंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि संस्थान छात्र-छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण समय-समय पर करवाता रहता है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी व व्यवसायिक ज्ञान मिलता रहे।

कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष विपिन कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को आईटी उद्योग के कार्य वातावरण और प्रक्रियाओं की व्यापक जानकारी देना था।

# मेला स्थल के पास लगाये पिंजरे में कोई गुलदार नहीं फंसा

**नांगल सोती (चिंगारी)। वन विभाग द्वारा लगाये गये पिंजरों में कोई गुलदार नहीं फंसा। रिजर्व फोरेस्ट की राजगढ़ रेंज के वनकर्मियों ने विकास खंड द्वारा उपलब्ध कराये गये 5 पिंजरे 2 व 3 नवम्बर को मेला स्थल के समीप तथा रास्ते में लगाये थे। गश्त करने के लिये वनकर्मियों की टीम की ड्यूटी भी लगाई गई थी। स्वयं डीएफओ अभिनव राज ने वहां पहुंचकर वनकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। वन विभाग द्वारा लगाये गये इन पिंजरों में न ही कोई गुलदार फंसा और न ही पिंजरों के आसपास गुलदारों की उपस्थिति के निशान पाये गये।**

# मेलाराम के निधन पर शोक व्याप्त



**नूरपुर (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार की सुबह नगर के वरिष्ठ व्यापारी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता मेलाराम गंभीर (85) का बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्होंने व्यापार मंडल व संघ के विभिन्न पदों का दायित्व संभाला। राम जन्मभूमि में कारसेवा की, वर्ष 1990 के आंदोलन में भी भाग लिया। उनके निधन से व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन के लिए नगर के समस्त व्यापारी व संघ के कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंचे तथा परिवार को सांत्वना दी।

# वाल्मीकि तीर्थ की बेअदबी के विरोध में फूंका पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला

**बिजनौर (चिंगारी)।** भगवान वाल्मीकि तीर्थ, अमृतसर की बेअदबी के विरोध में वाल्मीकि समाज में रोष व्याप्त है। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (रजि.) भावाधस भीम ने मुख्यमंत्री पंजाब का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। वाल्मीकि तीर्थ अमृतसर पर बेअदबी हुई के दोषी को गिरफ्तारी की मांग की।

गुरूवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (रजि.) भावाधस भीम के जिलाध्यक्ष वीर पवन कुमार घाघट के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर पालिका परिषद चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के दौरान मुख्यमंत्री पंजाब सरदार भगवंत सिंह मान का पुतला फूंका। समाज के लोगों ने पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान को इस मामले में जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को संबोधित एक ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि 27 अक्टूबर 2025 को भगवान वाल्मीकि तीर्थ, अमृतसर में साधुओं के भेष में कुछ शरारती तत्व नशे की हालत में हथियार लेकर पहुंचे और चप्पल पहनकर तीर्थ के गुम्बदों पर चढ़ गए। इस घटना को समाज ने भगवान वाल्मीकि की आस्था के साथ खुली बेअदबी बताया है। आरोप लगाया गया कि घटना के समय पंजाब सरकार मूकदर्शक बनी रही और किसी प्रकार की तत्काल कार्रवाई नहीं की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया और तीर्थ पर चढ़ाए गए लाल झंडों को नहीं हटाया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पुतला दहन में कमलेश देवी, राहुल कुमार, अंकित, वासु राजवंश, कपिल, प्रदीप मकवाना, राजकुमार, सतवीर आदि मौजूद रहे।

# संगत और पंगत



सिख पंथ के प्रवर्तक गुरु नानक देव जी महाराज ने संगत और पंगत का सिद्धांत प्रतिपादित किया, जिस पर चलते हुए सिख समाज ने संपूर्ण विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। सिखों में कोई छोटा हो या बड़ा, संगत और पंगत में बैठकर खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। बिजनौर की वर्तमान जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा नई बस्ती बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम में संगत में बैठकर गुरुवाणी सुनी। तथा जमीन पर पंगत में बैठकर लंगर छका। जिलाधिकारी की आस्था, सरलता व सादगी ने सभी को प्रभावित किया।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसआईआर पर की गहन चर्चा



कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में चर्चा करते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश के अनुसार नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद की एक मासिक बैठक नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर आयोजित की गई, जिसमें एसआईआर के सम्बन्ध में चर्चा की गई। बैठक में नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए घर-घर जाकर लोगों को जागरुक करें ताकि सभी अपने फार्म सही तरीके से भर सके। किसी भी कीमत पर सूची से किसी का नाम ना कटे तथा अपने वार्ड व मौहल्ले में लोगों की अधिक से अधिक हैल्प हो सके। बैठक में उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, डॉक्टर इकबाल खान, डॉक्टर वसीम अहमद, शराफत चौधरी, सिताब खान, हसीब सैफी, रईस खान, डॉक्टर सलीम सैफी, जफर आलम, परवेज आलम, कारी नौशाद आदि मौजूद रहे।

# साहनपुर में 27.5 लाख की लागत से बनेगा कूड़ा निस्तारण प्लांट



कूड़ा निस्तारण प्लांट का निरीक्षण करते चेयरमैन व अधिकारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर में 27.5 लाख रुपये की लागत से नया एमआरएफ सेंटर (कूड़ा निस्तारण प्लांट) बनाया जा रहा है। यह प्लांट पहले एनएचएआई हाईवे निर्माण के दौरान ध्वस्त हो गया था, जिसके बाद डीएम बिजनौर द्वारा इसके लिए नई भूमि आवंटित की गई थी। अब इस पर तेजी से काम शुरू हो गया है। गुरुवार को नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं सिविल अभियंता स्मृति गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर काम करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय लिपिक मौ. सादिक व नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## रॉयल गिफ्ट सेंटर का किया उद्घाटन



नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर में रेलवे स्टेशन मार्ग पर रॉयल गिफ्ट सेंटर का उद्घाटन नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर शाखा मंत्री आशु, सुशील, नदीम, अदनान, मुश्ताक, सुहैल, महफूज, आसिफ, तनवीर, अमन आदि व्यापारी मौजूद रहे।



कपिल सर्राफ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान करते व्यापारी।

# नवनिर्मित शॉप का व्यापारी नेता ने किया शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के हरिद्वार बाईपास रोड पर नवीन प्रतिष्ठान एमवाई इलेक्ट्रॉनिक एंड रिपेयरिंग शॉप का उद्घाटन मुख्य अतिथि कपिल सर्राफ जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान के स्वामी याहिया अंसारी एवं महफूज अंसारी ने कपिल सर्राफ का फूलमाला पहनाकर, अंगवस्त्र भेट कर एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मोनू टाटा शाखा अध्यक्ष को भी प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी मुकीम कुरैशी, मुहम्मद असलम, फहीम घोसी, धीरज झा, मुहम्मद आसिफ, दानिश सैफी, पंकज वर्मा, मिस्टर बजाज, राकेश कुमार, अजय कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# नॉर्थ इंडिया में शैक्षिक सेमिनार 15 को, तैयारियां पूरी

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, नजीबाबाद के शिक्षा विभाग द्वारा 15 नवम्बर 2025 को एक शैक्षिक सेमिनार आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां जारी हैं। सेमिनार का विषय 'भविष्य के लिए शिक्षा की पुनर्कल्पना उच्च शिक्षा में प्रौद्योगिकी, समावेशिता व धारणीयता का एकीकरण है।' इस सेमिनार में उच्च शिक्षा में नवाचार, तकनीकी एकीकरण, समावेशी शिक्षा तथा सतत विकास के पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा। शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. रामकिशोर ने बताया कि सेमिनार की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, इसमें विभिन्न संस्थानों के शिक्षाविद्, प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी भाग लेंगे।

# नदी के तट पर बसाई गई कॉलोनी का नक्शा निरस्त

नजीबाबाद (चिंगारी)। विनियमित क्षेत्र नजीबाबाद ने नगर के मालन नदी तट पर तथ्यों को छिपाकर पास कराई गई कॉलोनी का नक्शा निरस्त कर दिया है। नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र नजीबाबाद द्वारा पूर्व में तथ्यों को छिपाकर मालन नदी के तट से 100 मीटर की सीमा के अन्तर्गत सरिता नारंग पत्नी विपिन नारंग निवासी मौहल्ला मकबरा नजीबाबाद के डायरेक्टर तागरा इन्टरप्राईजेज प्रा.लि. रजि. चौक बाजार नजीबाबाद द्वारा विनियमित क्षेत्र नजीबाबाद कार्यालय से 31 मई .2012 को कॉलोनी का मानचित्र तथ्य छिपाकर स्वीकृत कराया गया था। इसे नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र नजीबाबाद ने 1958 की धारा 7 ए के अन्तर्गत निरस्त कर दिया।

# आदेश चौधरी हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री बने

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर निवासी आदेश चौधरी को हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदेश महामंत्री बनाया है। आदेश चौधरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर चौधरी वीर सिंह, सुनील त्यागी, रविन्द्र सिंह, राकेश त्यागी, डॉक्टर चरण सिंह, अनुज चौधरी, भूपेंद्र सिंह, दुष्यंत कुमार, सुशील कुमार, शहाबुद्दीन मकरानी, वाजिद मकरानी, वसीम अहमद, गौरव कुमार, शमशाद आरजू, मुस्तफा मकरानी, नौशाद अहमद, चौधरी ईशम सिंह, आमिर अंसारी, मुकुल कुमार शुक्ला आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आदेश चौधरी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन के प्रति कर्तव्य व निष्ठापूर्ण कार्य करने के साथ संगठन को मजबूत करने की बात कही।

# बीएलओ ने गणना फार्म का वितरण कर भरने के बारे में समझाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना फॉर्म का वितरण किया गया। उपरोक्त बूथ संख्या 238 पर काफी मतदाता उपस्थित हुये। बीएलओ आमिर अली द्वारा गणना फॉर्म का वितरण कर गणना फॉर्म को भरने के बारे में समझाया गया। उन्होंने उपरोक्त फॉर्म को समय से भरकर उन्हीं के पास जमा करने को कहा। मतदाता केंद्र पर अमजद सिद्दीकी (समाजसेवी), अहसान उर्फ पप्पू, उजमा खातून, सिदरा सैफी, अनवर जहां, रुही, सीमा, अजमत अली, आफाक, नबी खान, इनामुल हक सैफी, शाहीन आदि मतदाता उपस्थित रहे।

# 24 घंटे बाद ही पकड़ा गया बाइक चोर



**शेरकोट (चिंगारी)।** गंगा स्नान मेले से हुई बाइक की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक युवक को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के ग्राम वाजीदपुर निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत बुधवार को वह सिंचाई विभाग की नर्सरी में खो नदी के तट पर लगे मेले में घूमने आए थे। इस दौरान वह मेला स्थल के पास अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक खड़ी करके मेला घूमने चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं लग पाने पर बाइक स्वामी द्वारा अज्ञात के चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को हरेवली मार्ग स्थित बाईपास के पास निकट से चोरी हुई बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए युवक ने अपना नाम मनीष कुमार निवासी मोहल्ला वीरथला शेरकोट बताया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। घटना का खुलासा करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार, संदीप कुमार, अंकुर कुमार, प्रदीप कुमार शामिल रहे।



# गुरु नानक देव की जयंती मनाई

**चांदपुर (चिंगारी)।** लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु नानक जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम सरदार अच्छन सिंह लोहिया, बूटा सिंह (धर्म प्रचारक) परमजीत सिंह तथा बरियाम सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। बहन अलीना, भूमिका, आदि श्री, अगम्य भारद्वाज आदि के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह के द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। धर्म प्रचारक बूटा सिंह ने गुरु नानक के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन1469 को तलवंडी लाहौर में हुआ था तथा उनकी मृत्यु 22 सितंबर 1539 को हुई। कार्यक्रम का संचालन आचार्य राजेंद्र कुमार शर्मा ने किया।

# प्रतियोगिता में वैष्णवी प्रथम आई

**नगीना (चिंगारी)।** सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन चरित्र पर आयोजित भाषण व निबंध प्रतियोगिता में वैष्णवी वर्मा प्रथम स्थान पर रही। हिंदू इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को आयोजित प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई व भाजपा नेता रोहित रवि ने भाषण व निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा वैष्णवी वर्मा, द्वितीय स्थान पर रहने वाली मुस्कान वर्मा को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, रणवीर सिंह, धीरज सिंह, अर्णव चौधरी, अमन कुमार आदि मौजूद रहे।



# रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर नारायण इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश विश्वकर्मा एवं विद्यालय के प्रबंधक गणेश ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं भारत की एकता और अखंडता अमर रहे आदि नारे का उद्घोष किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित कुमार अन्य अध्यापक चंद्रप्रकाश, विकास कुमार, सचिन कुमार, लक्ष्मी चंद, कुलदीप चंद, श्रीमती रितु रानी, कुमारी संध्या एवं सानिया आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ललित कुमार एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश विश्वकर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला।



# केवल सचिव पद पर होगा चुनाव

**चांदपुर (चिंगारी)।** सीनियर बार एसोसिएशन चांदपुर के चुनाव में गुरुवार को तहसील परिसर में दोपहर 12 बजे तक नामांकन व उसके बाद नाम वापसी हुई। अध्यक्ष पद के लिए संदीप कुमार स्याऊ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए शेखर चौधरी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए विशाल चौधरी, सहसचिव पद के लिए श्रीमती अर्चना शर्मा व आडिटर पद के लिए अवनीश कुमार का एक-एक नामांकन होने से इनका निर्विरोध चुना जाना तय है। सचिव पद के लिए मनोज कुमार, कुलदीप चौधरी व जुल्फुकार द्वारा नामांकन पत्र जमा किये जाने से सचिव पद के लिए 10 नवम्बर को मतदान होगा।

# फ़िल्मी गीतों से समां बांधा

**नगीना (चिंगारी)।** सरगम म्यूजिक ग्रुप की ओर से म्यूजिकल कार्यक्रम यादें रफ़ी, किशोर कुमार, मुकेश, लता मंगेशकर आयोजित किया गया। काशीनाथ मेमोरियल हॉल में आयोजित संगीतमय कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. आलमगीर काजमी, हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी व असलम सिद्दीकी ने किया। डॉ. अंजू बिश्नोई, निर्देशक सुशील गुप्ता के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में गायक कमल कुमार, शकील अहमद, विशाल सैनी, इंद्रजीत जोशी, केके बिश्नोई, अमन कुमार, शाकुंभरी, निशीथ गर्ग आदि ने अपने गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में जावेद निसार, नाजिम पठान, नईम अहमद, राजकुमार विश्नोई आदि मौजूद रहे।




आयोजित संगीत कार्यक्रम में गीत सुनाते डॉ. आलमगीर काजमी।

## रेहड़ में लगाया गया नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** गुरुवार को रेहड़ स्थित बारादरी में एक आई इंस्टीट्यूट की तरफ से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नेत्र चिकित्सकों द्वारा 50 नेत्र रोगियों की आंखों का चेकअप कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया गया। कैंप में मुख्य रूप से उपस्थित नेत्र चिकित्सक डॉ. मौ. सज्जाद ने लोगों से आंखों की उचित देखभाल रखने का आह्वान किया। कैंप में मौजूद डॉ. उरफत जहां ने आंखों की किसी भी समस्या पर कोई लापरवाही न बरतने और जरा सी भी दिक्कत महसूस होने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से परामर्श लेते हुए उचित उपचार कराने पर जोर दिया। कैंप में इंस्टिट्यूट की तरफ से मौजूद निशा, रूबी, इल्मा व शकील आदि ने नेत्र रोगियों की आंखों के चेकअप में भरपूर सहयोग किया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को थाने का भ्रमण कराया



**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के ऑल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को थाने का भ्रमण कराया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा कराये गए इस अनूठे और प्रेरणादायक कार्यक्रम के तहत छात्राओं को अपराध,कानून और पुलिस की कार्यशैली की जानकारी दी गई। कल दोपहर ऑल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं थाने पहुंचीं,जहां उन्हें परिसर का विशेष भ्रमण कराते हुए थाना परिसर, हवालात, रिकोर्ड रुम, नियंत्रण कक्ष, जीडी रूम, महिला हेल्प डेस्क को दिखाया गया। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन की दिशा में सशक्त बनाना तथा समाज में पुलिस की भूमिका कानून व्यवस्था के प्रति जागरुकता फैलाना है। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य पीएस चौहान, शबनम परवीन, महिला कांस्टेबल अमृता, कविता, हेड कांस्टेबल चैन सिंह, विनीत चौधरी आदि उपस्थित रहे। छात्राओं के थाने पहुंचने पर थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने उनका स्वागत किया।

# शादी वाले घर से जेवर व नकदी चुराई दोनों पकड़े गये, पैर में गोली खाई

**नगीना (चिंगारी)।** शादी वाले घर से जेवरात चोरी होने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को पकड़कर उनसे चोरी के जेवरात व नकदी बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए।


नगीना में मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल बदमाशों को उठाकर अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चार नवंबर की रात्रि में मोहल्ला कायस्थ सराय निवासी व्यापारी दिलशाद राईन की बेटी की शादी के दौरान पूरा परिवार मकान को ताला लगाकर बैंकट हॉल चला गया। इसी दौरान घर की अलमारी में रखे सोने के जेवरात व 70 हजार रुपये की नकदी चोर चुराकर ले गए थे। इस मामले में थाने पर चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि संदिग्धों की चैकिंग के दौरान बुन्दकी तिराहे पर पुलिस को दो लोग रिक्शा पर आते दिखाई दिये। पुलिस को देखते ही दोनों लोग रिक्शा को मोड़कर भागने लगे तो पुलिस ने उनका पीछा किया। इसी दौरान दोनों लोगों ने पुलिस पर फायरिंग की तो पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर पर गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गए। पकड़े गए दोनों लोगों की पहचान नगीना के मोहल्ला सराय मीर निवासी साजिद उर्फ बटला व लुहारी सराय निवासी नसीम उर्फ कुल्फी के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाशों का बड़ा आपराधिक इतिहास है। साजिद पर 17 व नसीम पर विभिन्न थानों में 18 मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से 5800 रुपये की नकदी, जेवरात व दो तमंचे बरामद किए गए हैं। बदमाशों ने पूछताछ में 24 हजार रुपये की नकदी चोरी करना कबूल की है।

# एसआईआर को लेकर घबराएं नहीं, हम करेंगे हर मुमकिन मदद : दिलशाद अंसारी

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर लोग असमंजस में हैं और मन में तरह-तरह की शंकाएं पाले हुए हैं। इसी बात को लेकर पास के ग्राम मानियावाला में अपने कार्यालय पर उपस्थित अनेक ग्रामीणों से बातचीत करते हुए युवा नेता दिलशाद अंसारी ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वह एसआईआर को लेकर कतई न घबराएं, इस बाबत हम प्रत्येक ग्रामीण की हर मुमकिन मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर सम्बंधित बीएलओ प्रत्येक व्यक्ति के घर पहुंचकर प्रपत्र भरवाएंगे, जिसके बाद बीएलओ से प्राप्ति रसीद प्राप्त कर उसे संभालकर रखना है। उन्होंने आगे कहा कि यह कोई चिंता करने वाला विषय नहीं है, बस सावधानी जरूर बरतनी है। दिलशाद अंसारी ने ग्रामीणों को यकीन दिलाया कि बीएलओ व ग्रामीणों की सहायता के लिये युवाओं की टीम बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद भी अगर किसी ग्रामीण को कोई दिक्कत महसूस हो तो वह हमें अथवा हमारे मानियावाला स्थित कार्यालय पर आकर जरूर बताएं।


अपने कार्यालय पर ग्रामीणों से बातचीत करते दिलशाद अंसारी।

# डीएम-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया यातायात माह का शुभारंभ

**बिजनौर (चिंगारी)।** डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने यातायात माह-नवम्बर 2025 का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। एसपी ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। दोनों अधिकारियों ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गुरूवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी अभिषेक झा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही जनपदवासियों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने और यातायात नियमों का अनुपालन करने का संदेश दिया। डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने संयुक्त रूप से यातायात नियमों के प्रति जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पुलिस लाइन से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई विकास भवन पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह, सीओ लाइन संग्राम सिंह, आरआई देवेन्द्र सिंह व यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन मौजूद रहे।



# विद्यालय वर्ग में डीडीपीएस की टीम जीती

**बिजनौर (चिंगारी)।** दयावती धर्म वीरा पब्लिक स्कूल में वीरा चैरिटेबल सोसायटी के अंतर्गत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता विद्यालय व महाविद्यालय दो स्तर पर आयोजित हुई, जिसमें पांच विद्यालयों व महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय वर्ग में डीडीपीएस बिजनौर ने जीत हासिल कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आरंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति वीरा महाजन सदस्य वीरा चैरिटेबल सोसायटी ने फीता काटकर किया। स्कूल प्रधानाचार्य राजीव थॉमस एवं श्रीमती स्वाति वीरा महाजन सदस्य वीरा चैरिटेबल सोसायटी ने प्रतियोगिता आरंभ होने से पूर्व सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की टीमों का उत्साहवर्धन कर खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय वर्ग में डीडीपीएस बिजनौर व केपीएस इंटर कॉलेज की टीमों व महाविद्यालय वर्ग में आरबीडी डिग्री कॉलेज, वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज व वीरा डिग्री कॉलेज की टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में श्री राजीव थॉमस प्रधानाचार्य डीडीपीएस बिजनौर, श्री प्रवीण गुप्ता कोषाध्यक्ष डीडीपीएस, श्रीमती संजू शर्मा प्रधानाचार्या प्रेमा सत्यवीरा इंटर कॉलेज मंडावर, श्री महेंद्र कुमार कौरव प्रधानाचार्य कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज बिजनौर, श्री अमित बंसल डायरेक्टर ऑफ वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज, श्रीमती पारुल त्यागी प्रधानाचार्या आदर्श शिक्षा निकेतन शाहबाजपुर, मोहम्मद वाजिद प्रधानाचार्य वीरा इंटर कॉलेज धर्मनगरी आदि उपस्थित रहे।

# गुरुवाणी कीर्तन के साथ निकली प्रभातफेरी

**राजा का ताजपुर (चिंगारी)।** गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्स्व पर प्रातः सिक्ख संगत द्वारा गुरुबाणी कीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। गुरुद्वारा साहिब में श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग उपरांत कार्यक्रम हुए। संगत को लंगर छकाया गया। गुरुद्वारे में दीपमाला कर आतिशबाजी छोड़ी गई। प्रातः गुरुद्वारा साहिब से बोलह सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष के साथ निशांची जत्थेदार के नेतृत्व में प्रभातफेरी का शुभारम्भ हुआ। गुरु नानक देव जी की झांकी साथ रही। संगत कल तारण गुरु नानक आया, सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानड़ होआ का कीर्तन करते हुए चल रही थी। कमलजीत सिंह नूर, प्रभुजोत सिंह बादल, गुरमीत कौर ने शब्द कीर्तन किये तथा गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर प्रकाश डाला। प्रभातफेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने संगत को अपने निवास पर चाय का लंगर छकाया। उनको सरोपा साहिब देकर सम्मानित किया गया। धर्मावतार वर्मा, बबीता वर्मा ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रभातफेरी में गुरुदयाल सिंह, हरजीत सिंह, सतवेंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, शुभदीप सिंह, परमवीर सिंह, डा. सुनील राणा आदि शामिल रहे। गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञानी जीतेन्द्र सिंह, शुभदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह ने शबद कीर्तन किये।



# मैं रोज मरने की आदत के बाद जिंदा हूं...



## शेरी नशिस्त का आयोजन

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला शाहचंदन में डा. कलीम अहमद के आवास पर शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे के मोतबर शोअरा ने शिरकत की। नशिस्त की सदारत बुजुर्ग शायर आबिद अब्बासी ने की, जबकि निजामत डॉ. मुबीन सहर ने की। नशिस्त का आगाज़ मरहूम डॉ. यूनुस साहब की नाते पाक से किया गया और तबस्सुम जिया को नशिस्त का इफ्तिताह करने का शरफ हासिल हुआ। इन्होंने कहा-उन दिनों कच्चे घड़े का होश किसको था, यहां/यह जुनूं था बस कि दरिया पार होना चाहिए।

इसके बाद अरशद अली ने अपना कलाम कुछ यूं पेश किया- तेरी तस्वीर भी मुसव्विर भी बनाए कैसे/फूलों के रेशों में वोह रंग नहीं भर सकता।

डॉ. कलीम ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- तुम्हारे हुस्न से मसहूर होकर हम मचलते हैं/कि शम्मा जब भी जलती है तो परवाने भी जलते हैं।

निजामत की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए डा. मुबीन सहर ने अपना मुरस्सह कलाम कुछ यूं पेश किया- जरूरतें मेरा हर रोज कत्ल करती हैं/ मैं रोज मरने की आदत के बाद जिंदा हूं।

शराफत चांदपुरी ने कहा- अब कफन बांधना जरूरी है/दूसरा कोई रास्ता ही नहीं।

शायर आसिफ कमाल ने फरमाया- वहीं जो भीड़ में सबसे बड़ा है/न जाने कितनी लाशों पे खड़ा है।

आखिर में बज़्म की सदारत कर रहे बुजुर्ग शायर आबिद अब्बासी ने अपना कलाम पेश किया, उन्होंने कहा- हां करम आज कुछ ज्यादा है/जाने साकी का क्या इरादा है।

# हर मुहल्ले के नाम के पीछे एक कहानी, एक ज़िंदगानी

-नितिन दिनेश कौशिक

## कैसे पड़े अफ़ज़लगढ़ में मुहल्लों के नाम

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नगर अफजलगढ़ आज 10 मोहल्लों और 25 वार्डों में विभाजित है। लेकिन इन मोहल्लों के नामों के पीछे केवल स्थानों की पहचान नहीं, बल्कि उन पुरखों की स्मृतियां, पीरों का आशीर्वाद और नि:स्वार्थ लोगों की दयालुता की कहानियां छिपी हैं, जिन्होंने इस नगर को जीवन दिया। जब शाम की ठंडी हवा नगर की गलियों से होकर गुजरती है और पुराने मकानों की दीवारें अपने अतीत की कहानियां फुसफुसाती हैं, तब यह एहसास और गहरा हो जाता है कि अफजलगढ़ का हर मोहल्ला केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि वह लोगों की यादों, भावनाओं और इतिहास का जीवंत प्रतीक है।

बताया जाता है कि 16वीं शताब्दी में अफगानिस्तान के रूह इलाके से आए अफजल खां ने इस नगर की नींव रखी थी। नगर के प्रमुख मोहल्लों में चिरंजीलाल, गौहर अली खां, किला, बेगम सराय, मंझौली, जैनुलआबुद्दीन, मुमताज हुसैन, नायक सराय, नेजो सराय और मियांजी मौखा शामिल हैं।

नगर निवासी संदीप महेश्वरी बताते हैं कि मोहल्ला चिरंजीलाल का नाम उनके पूर्वज/परदादा स्वर्गीय चिरंजीलाल जी के नाम पर पड़ा था। जिनके सम्मान में यह मोहल्ला जाना जाता है।

मोहल्ला गौहर अली खां निवासी एडवोकेट एवं सभासद मुकीब खां सूरी बताते हैं कि यह मोहल्ला एक प्रभावशाली व्यक्ति गौहर खां के नाम पर पड़ा। कहा जाता है कि उनके पुत्र युसूफ खां की हत्या एक कुख्यात बदमाश तौला ने कर दी थी। युसूफ खां के निधन के बाद, जब गौहर खान का कोई वारिस नहीं बचा, तो उनके द्वारा उनकी भूमि पर एक नई बस्ती बसाई गई थी, जो आज मोहल्ला गौहर अली खां के नाम से जानी जाती है।

मोहल्ला जैनुलआबुद्दीन के विषय में बताया जाता है कि नगर जब नगर पंचायत के रूप में स्थापित था। तब जैनुल खां नामक व्यक्ति अध्यक्ष हुआ करते थे। उन्हीं के नाम पर इस मोहल्ले का नाम जैनुलआबुद्दीन पड़ा।



अफजल खां के किले का गेट।

मोहल्ला नेजो सराय का इतिहास भी रोचक है। बताया जाता है कि बहुत समय पहले एक पीर फकीर ने इसी स्थान पर नेजा मेला लगवाने की परंपरा शुरू की थी। उन्हीं के सम्मान में इस जगह का नाम नेजो सराय रखा गया।

मोहल्ला बेगम सराय के संबंध में बुजुर्ग बताते हैं कि नगर बसाने वाले अफजल खां की बेगम शाम के समय इसी ओर टहलने आती थीं। उसी कारण से उस क्षेत्र का नाम बेगम सराय पड़ गया, जबकि पूर्व विधायक एवं अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन शेख सुलेमान के अनुसार यही वह स्थान था जहां अफजल खां की बेगम का निवास हुआ करता था।

मोहल्ला किला का नाम उस ऐतिहासिक किले से पड़ा है। जो अफजल खां द्वारा बनवाया गया था। इसके अवशेष आज भी नगर के गौरव की पहचान बने हुए हैं। मोहल्ला मुमताज हुसैन के विषय में बुजुर्ग बताते हैं कि उस काल में एक दंपति मुमताज और हुसैन जो कि अत्यंत दयालु और परोपकारी स्वभाव के थे। लोगों की सहायता में हमेशा आगे रहने वाले इस दंपति की स्मृति में मोहल्ले का नाम मुमताज हुसैन रखा गया। मोहल्ला मंझौली के बारे में बुजुर्ग बताते हैं कि पहले अफजलगढ़ से सटा एक छोटा-सा ग्राम था, जहां अधिकांश बहुसंख्यक आबादी निवास करती थी। समय के साथ यह नगर में सम्मिलित हो गया और इस क्षेत्र को मोहल्ला मंझौली कहा जाने लगा।

मोहल्ला मियांजी मौखा का नाम नगर के वरिष्ठ ठेकेदार रियासत अंसारी के पूर्वज मियांजी मौखा के नाम पर पड़ा। उन्होंने बताया कि उनके परदादा उस समय नगर पंचायत अफजलगढ़ के अध्यक्ष भी रहे थे। उन्हीं के नाम की याद में यह मोहल्ला आज मियांजी मौखा के नाम से जाना जाता है।

वहीं मोहल्ला नायक सराय के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। हालांकि एक बुजुर्ग ने बताया कि ब्रिटिश काल में एक व्यक्ति जो नायक के पद पर तैनात थे और वहां निवास किया करते थे। शायद उन्हीं के नाम पर इस मोहल्ले का नाम नायक सराय पड़ा है।

## डॉक्टर के मकान में दिनदहाड़े चोरी

### एक लाख की नकदी, 10 तोले सोने के आभूषण व लैपटॉप चुराया

**नूरपुर (चिंगारी)।** कस्बे के मोहल्ला रामनगर स्थित चिकित्सक के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने एक लाख की नकदी व करीब दस तोले सोने के आभूषण व एक लैपटॉप चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार चिकित्सक रामपाल सिंह यादव जनपद अमरोहा के गांव बूड़पुर में क्लीनिक चलाते हैं।बृहस्पतिवार को वह क्लीनिक पर गए थे, जबकि उनका पुत्र अभिनव बैंक ऑफ बड़ौदा तथा पुत्रवधू खासपुरा के प्रथमा बैंक में ड्यूटी पर गई थी। दोपहर करीब दो बजे उनकी पत्नी सरला देवी घर का ताला बंद करके घरेलू सामान खरीदने बाजार गई थी। इस दौरान दो लोगों ने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखी एक लाख की नकदी व करीब दस तोले सोने के आभूषण चूड़ी,चेन, अंगूठी व एक लैपटॉप चोरी कर लिया। महिला जब बाजार से वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा देखकर उसके होश उड़ गए। दिनदहाड़े बड़ी चोरी की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए घर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें दो युवक मकान में घुसे नजर आये। डॉ. रामपाल सिंह यादव ने घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष विकास कुमार का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर जल्दी ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



अलमारी का ताला टूटा दिखाती महिला

## रिक्शाचालकों को यातायात के नियम बताये



**मंडावर (चिंगारी)।** नवंबर यातायात माह शुरू होते ही थानाध्यक्ष सुमित राठी द्वारा क्षेत्र के सभी रिक्शा चालकों को एकत्रित कर सभी को अपनी रिक्शाओं पर यूनिक नंबर, कागज, ड्राइविंग लाइसेंस व हाईवे पर न जाने को कहा। वहीं उन्होंने कहा कि कोई रिक्शाचालक शराब पीकर रिक्शा न चलाए। वहीं थानाध्यक्ष ने यातायात के नियमों का पालन करते हुए सभी रिक्शाचालकों को यातायात की पूर्ण जानकारी दी।

## बाग में शव मिला



**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर-बालावाली रोड पर प्रकाश पब्लिक स्कूल के पास एक बाग में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त की, समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी थी।

## मूर्ति स्थापना के बाद हुआ भण्डारा


**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय मोहल्ला दक्षनगर में शिव मंदिर निर्माण उपरांत मूर्ति स्थापना प्राण-प्रतिष्ठा हेतु तीन दिनों तक चले अनुष्ठान के उपरांत शिव परिवार, शिवलिंग, नंदी सहित हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित की गईं तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूजा का कार्य संपन्न पंडित आचार्य श्री गौरव शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, मनीष शर्मा, अमित कौशिक के द्वारा संपन्न कराया गया। इस भंडारे में दक्षनगर रसीदपुर गढ़ी चौधरी पुरम सहित अन्य स्थानों के श्रद्धालुओं का योगदान रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान श्री योगेश शर्मा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेखा शर्मा एवं सहायक यजमान मास्टर मनोज कुमार उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अलका शर्मा, संजय कुमार शर्मा, रचना शर्मा, ओमदत्त शर्मा, शालिनी शर्मा, ग्राम पंचायत रसीदपुर गढ़ी के प्रधान श्री सत्यापाल सिंह, विपिन कुमार, राजपाल सिंह भुइयार, त्रिभान सिंह, भूपेंद्र निरंकारी पत्रकार, विजेंद्र शर्मा, संदीप कुमार, विकास कुमार आदि परिवार सहित रहे।



# महिलाओं को वेलनेस को प्राथमिकता देने से रोकती हैं पारिवारिक जिम्मेदारियां

## रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**भारत का पहला हैबिट बिल्डिंग प्लेटफॉर्म ने हाल ही में एक सर्वे किया, जिसमें भारतीय माताओं के बीच एक गहरे इमोशनल अंडरकरंट को उजागर किया गया। यह रिपोर्ट दिखाती है कि माताएं पहचान, इमोशनल सपोर्ट और खुद के लिए थोड़ी सी जगह चाहती हैं खासकर उस भागदौड़ के बीच जिसमें उनका रोज़मर्रा बीतता है।**




**इस सर्वे में भारत भर की 30 हज़ार से अधिक माताओं की प्रतिक्रियाएं शामिल की गईं हैं। इसका उद्देश्य माताओं की मौजूदा इमोशनल वेलनेस स्थिति और परिवार, कार्यस्थल व समाज की ओर से मिलने वाले सपोर्ट में मौजूद खामियों को समझना था।**

जहां 57 प्रति. माताओं ने कहा कि उन्हें अपने परिवार से हमेशा इमोशनल सपोर्ट मिलता है, वहीं 33प्रति. ने माना कि उन्हें पूरा सपोर्ट नहीं मिलता और जब वे किसी इमोशनल या फिजिकल कठिनाई से गुज़रती हैं, तब 57 प्रति. माताओं ने कहा कि वे परिवार के साथ खुलकर बात नहीं कर पातीं यह दर्शाता है कि सबसे जरूरी पलों में भी कम्युनिकेशन गैप बना रहता है। जब माताओं से उनके वर्तमान इमोशनल स्टेट के बारे में पूछा गया, तो सिर्फ 34प्रति. ने कहा कि वे खुद को महत्वपूर्ण और देखी-सुनी गई महसूस करती हैं। 37 प्रति. ने संतुलित और संतुष्ट कहा, लेकिन करीब 28प्रति. ने माना कि वे खुद को अनदेखी और थकी हुई महसूस करती हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि पारिवारिक जुड़ाव के बावजूद, कई माताएं अपने रोज़ के रोल्स में खुद को इमोशनली अदृश्य महसूस करती हैं। मेंटल थकावट (41प्रति.) और लगातार बनी रहने वाली टू-डू लिस्ट (32प्रति.) को सबसे बड़ी दैनिक चुनौतियों के रूप में पहचाना गया। सिर्फ 36प्रति. माताओं को प्रतिदिन एक घंटे से अधिक का पर्सनल टाइम मिल पाता है। खुद की वेलनेस को प्राथमिकता नहीं दे पाने का सबसे बड़ा कारण पारिवारिक जिम्मेदारियां (57प्रति.) थीं, इसके बाद समय की कमी और अपराधबोध (गिल्ट) (27 प्रति.)।

**फिर भी, छोटी-छोटी चीज़ों में उम्मीद दिखाई देती है। 67प्रति. माताओं ने कहा कि अगर वेलनेस-फ्रेंडली पॉलिसीज़ जैसे छोटे ब्रेक्स, फ्लेक्सिबल आवर्स या पीरियड लीव दी जाएं, तो वे उनका सक्रिय रूप से उपयोग करेंगी। जब पूछा गया कि उन्हें सबसे ज़्यादा सपोर्ट किस चीज़ से महसूस होगा, तो करीब 46 प्रति. ने कहा कि अगर घर में जिम्मेदारियां बांटी जाएं। इसके अलावा 26 प्रति. ने कहा कि ज़्यादा एक्सप्रेस्ड लव एंड केयर चाहिए और 13 प्रति. ने गिल्ट-फ्री पर्सनल टाइम की इच्छा जताई।**

# शरीर के अंगों को खराब कर देती है तंबाकू की लत

**महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए खतरनाक**


आज हमारे समाज में तंबाकू की लत एक गंभीर समस्या बन चुकी है। तंबाकू का सेवन करने से कई जानलेवा बीमारियां जन्म लेती हैं। फिर चाहे वह धूम्रपान के रूप में हो या फिर चबाने वाली तंबाकू के रूप में हो। इसका सेवन करने से धीरे-धीरे शरीर के कई अहम अंगों को नुकसान पहुंचता है। बता दें कि तंबाकू सिर्फ एक बुरी आदत ही नहीं बल्कि यह स्लो पॉइजन है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों के स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है। लेकिन कई बार इससे होने वाले नुकसान के लक्षण धीरे-धीरे सामने आते हैं, जिसके कारण लोग समय रहते सतर्क नहीं रह पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि तंबाकू के सेवन से महिलाओं और पुरुषों को कौन-कौन सी बीमारियों का खतरा अधिक होता है।

## कमजोर हो जाते हैं फेफड़े

तंबाकू का सेवन करने से पहला और घातक असर फेफड़ों पर होता है। सिगरेट और बीड़ी पीने से फेफड़ों की कार्यक्षमता कम होने लगती है। अगर जल्दी इस लत को न छोड़ा जाए, तो समय के साथ ब्रोंकाइटिस, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज और फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं महिलाओं में भी तंबाकू के सेवन का प्रभाव गंभीर होता है।

## पुरुषों में तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियां

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो पुरुषों में तंबाकू का सेवन करने से बार-बार खांसी आना, सांस फूलना और सीने में भारीपन जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। कई मामलों में यह लक्षण लंबे समय तक अनदेखे भी रहते हैं। वहीं जब यह लक्षण सामने आते हैं और मरीज डॉक्टर के पास पहुंचता है, तब तक बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। तंबाकू का सेवन करने वालों में हार्ट अटैक और फेफड़ों के कैंसर की समस्या अधिक देखने को मिलती है। वहीं इस लत का असर प्रजनन क्षमता पर भी असर देखने को मिलता है। तंबाकू का सेवन करने से शुक्राणुओं की गुणवत्ता और संख्या भी प्रभावित होती है। इसका सेवन करने से पुरुष में बांझपन की समस्या हो सकती है। वहीं इसके अलावा मुंह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारी जैसी गंभीर बीमारियों की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।



## महिलाओं में तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियां

बता दें कि महिलाओं में तंबाकू का सेवन करने से हार्मोनल असंतुलन हो सकता है। तंबाकू का सेवन करने से पीरियड्स में अनियमितता, बांझपन और पीसीओएस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान तंबाकू का सेवन करने से गर्भ में पलने वाले बच्चे पर बुरा असर होता है। इसके परिणाम स्वरूप समय से पहले प्रसव, गर्भपात और जन्म के समय कम वेट वाले बच्चे के होने की संभावना बढ़ती है। तंबाकू का सेवन करने से महिलाओं के स्तन और गर्भाशय के कैंसर का खतरा बढ़ता है। तंबाकू के धुएं का सेवन भी उतना ही खतरनाक है।



### ऐसे छोड़ें तंबाकू

हालांकि तंबाकू छोड़ना आसान नहीं होता है, लेकिन यह नामुमकिन भी नहीं होता है। आप हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर तंबाकू का सेवन छोड़ सकते हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा तंबाकू निषेध कार्यक्रम, निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी और परामर्श सेवाएं जैसी सहायता की मदद से आप तंबाकू की लत को आसानी से छोड़ सकते हैं। जितनी जल्दी तंबाकू छोड़ने का फैसला लिया जाए यह शरीर की रिकवरी के लिए उतना ही बेहतर माना जाता है।

# एसडीएम के निरीक्षण के बाद भी, नाले की टूटी पुलिया नहीं बन सकी

## अब पूरी तरह टूट चुकी पुलिया से आवागमन प्रभावित


वाहन गुजरने के दौरान टूटी पुलिया।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बीते वर्षाकाल के दौरान बूंदाबांदी के बीच ग्राम प्रधान की शिकायत पर तुरंत मौके पर पहुंची एसडीएम के निरीक्षण के बाद भी क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत नही हो पाने के नतीजे में आखिरकार अब यह पुलिया पूरी तरह टूट गई है, जिससे एक नहीं, बल्कि कई गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। इसे अधिकारियों की लापरवाही की हदें पार होना ही कहेंगे कि कई गांवों के मुख्य मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया पर एसडीएम के मौके पर किए गए निरीक्षण के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया। अफजलगढ़-मेघपुर मार्ग पर मेघपुर के निकट स्थित पुलिया जो वर्षाकाल के दौरान से बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी, उसकी शिकायत मेघपुर के ग्राम प्रधान पति मौ. रिजवान ने एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा से की थी। शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए स्मृति मिश्रा ने बूंदाबांदी के बीच ही मौके का मुआयना किया था, मगर इसके बावजूद इस पुलिया पर कोई मरम्मत कार्य नहीं हो पाया था। आखिरकार गत दिवस यह पुलिया पूरी तरह धराशायी हो गई, जिससे ग्राम नाबका, गढ़वावाला, पर्वतपुर व मेघपुर के ग्रामीणों का अफजलगढ़ को आवागमन प्रभावित हो गया है, जिसे लेकर ग्रामीणों में अधिकारियों की लापरवाही के प्रति भारी रोष है। ग्राम प्रधान पति मेघपुर मौ. रिजवान सहित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से इस क्षतिग्रस्त पुलिया के अविलंब पुनर्निर्माण की मांग की है।

# मंजू जौहरी व अशोक निर्दोष को मिलेगा चन्द्र ज्योति सम्मान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** साहित्यिक संस्था साहित्यांचल कण्वनगरी कोटद्वार ने चंद्र ज्योति सम्मान वर्ष 2025 कवयित्री मंजू जौहरी व साहित्यकार अशोक निर्दोष को देने की घोषणा की है। संस्था के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश नैथानी व महासचिव शशिभूषण अमोली ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के संरक्षक डॉ. वेदप्रकाश महेश्वरी शैवाल वर्ष 2001 से निरंतर अपने स्वर्गीय माता-पिता श्रीमती चंद्रवती एवं बाबू ज्योति प्रसाद महेश्वरी 'वकील जी' की चिरस्मृति में प्रतिवर्ष चन्द्रज्योति सम्मान देते है। वर्ष 2025 का चन्द्रज्योति सम्मान नजीबाबाद की कवयित्री मंजू जौहरी व बिजनौर के साहित्यकार अशोक निर्दोष को नौ नवम्बर को कोटद्वार स्थित चन्द्रज्योति कुंज महाराजा वैडिंग प्वाइण्ड में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटेरियन योगेन्द्र प्रसाद गिलारा होंगे।

# संकल्प दिवस के रूप में मनाई जाएगी ठेंगड़ी जयंती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वदेशी जागरण मंच बिजनौर 10 नवम्बर को स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मनाएगा। इस अवसर पर नूरपुर रोड स्थित आरवीआईटी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद के सदस्य अशोक कटारिया होंगे। यह जानकारी देते हुए स्वदेश जागरण मंच बिजनौर के प्रांत सहसंयोजक प्रशांत महर्षि, जिला संयोजक अजय वत्स, जिला सह संयोजक सतीश त्यागी व जिला सम्पर्क प्रमुख कौशल किशोर शर्मा ने लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक पहुंचने का आह्वान किया।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का कॉलेज में सामूहिक गायन हुआ

**नहटौर ( चिंगारी )।** डिग्री पी.जी. कालेज, नहटौर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर महाविघालय के प्राचार्य डॉ. संजीव गौड़ ने राष्ट्रीय गीत के महत्व व इतिहास के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा संस्कृत और बांग्ला मिश्रित भाषा में रचित एक गीत है, जिसका प्रकाशन उनके उपन्यास आनन्दमठ में अन्तर्निहित गीत के रूप में हुआ था। इस गीत से सदियों से सुप्त भारत देश जाग उठा और आधी शताब्दी तक यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरक बना रहा। इस उपन्यास में यह गीत भवानन्द नाम के संन्यासी द्वारा गाया गया है। इसकी धुन यदुनाथ भट्टाचार्य ने बनायी थी । इस गीत को गाने में 65 सेकेंड (1 मिनट और 5 सेकेंड) का समय लगता है। इस अवसर पर सीमा शर्मा, मोक्षपाल यादव, दुष्यन्त कुमार, यशपाल सिंह, संजीव राजपूत, पंकज शर्मा, आबिद हुसैन, विपिन सैनी, आराधना त्यागी, गुलअफशां आदि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# सरदार पटेल की जयंती पर कई प्रतियोगिताएं हुईं

## दौड़ में दिव्यांशु, निबंध में अलीज़ा, रही प्रथम स्थान पर



**नहटौर ( चिंगारी )।** गुरुवार को एसएनएसएम इंटर कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों ने दौड़ लगाई । दौड़ में दिव्यांशु कक्षा 10 ने प्रथम स्थान व रितिक कक्षा 10 द्वितीय स्थान तथा विष्णु व मयंक कक्षा 10 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा अलीजा खान ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय तथा आंचल रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार त्यागी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओ में सभी छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। इन प्रतियोगिताओं से बौद्धिक व मानसिक विकास होता है तथा निखरने का मौका मिलता है।



# कोतवाली कोटद्वार में हुई हिस्ट्रीशीटरों की परेड

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एसएसपी सर्वेश पंवार के निर्देश पर आज कोतवाली कोटद्वार में क्षेत्र के समस्त हिस्ट्रीशीटरों की परेड कराई गई। इस दौरान शहर कोतवाल रमेश तनवार ने सभी को हिदायत दी कि अपने आचरण में सुधार लाये और अपराध करने से बचें। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है की अधिकांश हिस्ट्रीशीटर अपना सामान्य जीवन जी रहे हैं, लेकिन गलती से भी कोई आपराधिक गतिविधि में लिप्त होने की ना सोचे क्योंकि पुलिस की निगाह सभी पर बनी हुई है और प्रत्येक हिस्ट्रीशीटर की निगरानी की जा रही है।

# देश की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा : बड़थ्वाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक जी के बड़थ्वाल ने चुनौतियों को देखते हुए देश की सुरक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा बताया है। उन्होंने कहा है कि इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए योग्यता और क्षमता को प्राथमिकता देनी चाहिए। वर्तमान में देश कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, देश की सुरक्षा के लिए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी सेना और सुरक्षा बलों में योग्य और सक्षम लोग शामिल हों, जो देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व देने को तैयार हों।

# कल किया जायेगा उत्तराखण्ड राज्य निर्माण सेनानियों को सम्मानित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक बैठक नगर निगम परिसर ऋषिकेश स्वर्ण जयंती हॉल में आहूत की गई। बैठक में राज्य निर्माण सेनानियों के राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर तहसीलदार ऋषिकेश चमन सिंह एवं उनकी टीम द्वारा सभी लोगों को सम्मान पत्र वितरित किए गए तथा कल 8 नवंबर को राज्य निर्माण सेनानियों को सम्मानित कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई। सम्मान कार्यक्रम में ऋषिकेश के उप जिलाधिकारी योगेश मेहरा के साथ जाकर राजकीय स्नातक कॉलेज ऋषिकेश के ऑडिटोरियम भवन का भी निरीक्षण किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी राज्य निर्माण सेनानी कार्यक्रम में अपनी पूरी भागीदारी निभाएंगे। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस एवं उत्तराखंड राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती के इस ऐतिहासिक प्रोग्राम में सभी राज्य निर्माण सेनानी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर अपना सम्मान भी प्राप्त करें। 25 वर्षो के बाद उत्तराखंड में पहली बार राज्य आंदोलनकारी एवं शहीद परिवारों का भी सम्मान किया जाएगा। बैठक में उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष डीएस गोसाई, बलबीर सिंह नेगी, गंभीर मेवाड़, चंदन सिंह पवार, युद्धवीर सिंह चौहान, रकम पोखरियाल, राजेंद्र कोठारी, प्रेम सिंह रावत, जय सिंह रावत, संजय शास्त्री, राजेश शर्मा पत्रकार, बृजेश डोभाल,विशंभर दत्त डोभाल, हरि सिंह नेगी, श्रीमती उषा रावत, श्रीमती रामेश्वरी चौहान, उर्मिला डबराल, अवधेश गाड़ी, जयंती नेगी, शकुंतला नेगी, चीता कंडवाल रविंदर कौर जय डोभाल आदि मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता बलवीर सिंह नेगी तथा संचालन डी एस गुसाईं ने किया।

# चलाया 'स्वच्छ उत्तराखण्ड-स्वच्छ उत्तराखण्ड' अभियान

## 5 क्विंटल से अधिक कूड़ा एकत्र किया इस दौरान

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती 'स्वच्छ उत्तराखंड-स्वस्थ उत्तराखंड' अभियान के तहत नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला ने दर्शन महाविद्यालय के समीप छात्रों एवं रामझूला रेहड़ी यूनियन के साथ सूखे कूड़े के विरुद्ध विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें 05 कुंटल से अधिक सूखा एकत्र कर अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र भेजा गया। पालिका अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण, अधिशासी अधिकारी अंकिता जोशी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला की ओर से 02 नवंबर से 09 नवंबर तक उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसके तहत मुख्य सफाई निरीक्षक नितिन सती और सफाई निरीक्षक कमल चौहान के नेतृत्व में पालिका की टीम, दर्शन महाविद्यालय के छात्र, रामझूला रेहड़ी यूनियन के सदस्य दर्शन महाविद्यालय के समीप ब्लैक स्पॉट में एकत्र हुये। यहां सभी ने संयुक्त रूप से वृहद स्तर पर सूखे कूड़े के विरुद्ध विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 05 कुंटल से अधिक सूखा कूड़ा एकत्र किया, जिसे खाराश्रोत स्थित अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में भेजा गया। इसके बाद सभी ने मेरी गंगा-मेरी जिम्मेदारी के उद्घोष लगाकर लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की स्वच्छता अभियान में सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह सजवाण, लिपिक आकाश कैंतूरा, ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के प्रबंधक हरिओम शर्मा और बड़ी संख्या में रामझूला रेहड़ी यूनियन के सदस्य,द दर्शन महाविद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

# भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे, आज होंगे देश में 1400 टूर्नामेंट

अनिल वर्मा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज 7 नवम्बर को भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश और केंद्र सरकार खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु जिला स्तर / राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी प्रतियोगितायें आयोजित करने जा रही है, जिससे हॉकी खेल और खिलाड़ियों में नयी ऊर्जा का संचार हो सकेगा।

गौरतलब हो कि हॉकी खेल के स्वर्ण जयंती के अवसर पर भारत और प्रदेश सरकार खासी उत्साहित होकर लगभग 550 जिलों में 1400 से भी ज्यादा हॉकी के टूर्नामेंट होंगे। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल हॉकी में जागरूकता बढ़ाना, युवा खिलाड़ियों को हॉकी खेल अपनाने के लिए



प्रोत्साहित करना है। इसी के मद्देनजर नेहरू स्टेडियम बिजनौर में आज हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिससे नये एवं युवा खिलाड़ियों में नयी ऊर्जा पैदा हो सकेगी। यूं तो इस हॉकी मैदान से बिजनौर के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।

चिंगारी से बातचीत में बिजनौर के



अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और चेन्नई में एयर फोर्स में तैनात शाहनवाज आलम ने कहा कि हॉकी खेल मात्र एक ऐसा खेल है, जिसमें 19/ 20 के अंतर का खिलाड़ी भी अपना भविष्य बना सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को राष्ट्रीय खेल हॉकी खेलने के लिए मैदान पर भेजने का आह्वान किया।

पंजाब एन्ड सिंध बैंक से रिटायर और सीनियर खिलाड़ी राजेंद्र सोडी के अनुसार हॉकी का आकार और विस्तार के लिए सीनियर



खिलाड़ियों को स्वयं अपने बच्चों को मैदान पर खेलने भेजना होगा और उनका ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि बिजनौर से हॉकी में रज़िया जैदी, साधना, प्रवीण कुमार, प्रसून महर्षि, संजीव गौतम जैसे खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवा चुके हैं।

हॉकी कोच चित्रा चौहान ने हॉकी की स्वर्ण जयंती के मनाये जाने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा नेहरू स्टेडियम हॉकी की वजह से ही है। लगभग वर्ष 1962 के



करीब हमारे बुजुर्गों ने यहां हॉकी खेलनी शुरू की जिससे बाद में सरकार को ये स्टेडियम दे दिया गया, जहां से कई खिलाड़ी यहां से खेलकर भारत में अपना परचम लहरा चुके हैं।

## प्रकाश पर्व पर फूलों से सजाया गया गुरुघर

### कीर्तन व लंगर का आयोजन हुआ



गुरुद्वारे में गणमान्य लोगों को सम्मानित करते कमेटी के पदाधिकारी।

**नगीना ( चिंगारी )।** श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत सभा में कथा विचार, कीर्तन एवं लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर गुरुघर को विशेष रूप से सजाया गया। इसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन दीवान हॉल में किया गया, जिसमें बाबा कृष्ण सिंह, रामधन सिंह ने अपने रूहानी कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। अमीर सिंह व हरदयाल सिंह सोढी ने गुरु नानक देव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विचार व्यक्त किए। तारा सिंह ने श्री गुरु नानक देव की जीवनी पर प्रकाश डाला और सभी संगतों से गुरु नानक देव द्वारा दिखाए रास्ते पर चलने का अनुरोध किया । दोपहर लगभग 1:30 बजे सरबत दे भले की अरदास के बाद लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर को छका। अरदास के बाद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा तथा लंगर की सेवा से जुड़े लोगों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा सरदार केवलपाल सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, रोहित रवि, तारा सिंह, रामधन सिंह, हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, बाबू चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की चाय-नाश्ते से सेवा की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाजसेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम लक्खीवाला बिजनौर में कार्तिक पूर्णिमा एवं देव-दीपावली के शुभ अवसर पर विदुरकुटी मेले से गंगा



स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की चाय-नाश्ता कराकर सेवा की गई। संस्थान की संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं को चाय- नाश्ता कराने पर हमें बहुत प्रसन्नता होती है और बुजुर्ग व्यक्ति बहुत आशीर्वाद देते हैं। अध्यक्ष मनु अग्रवाल ने कहा जो हमें चाय पिलाने में संतोष मिला वह संतोष हमें कहीं नहीं मिलता। श्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि आज के दिन खिचड़ी आदि खिलाने से बहुत पुण्य मिलता है। कार्यक्रम में सुधीर अग्रवाल, रीता अग्रवाल, मनुश्री अग्रवाल, डॉक्टर नीलम गुप्ता, गौरी अग्रवाल, अलका अग्रवाल, किंजल अग्रवाल, देवयानी अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, पायल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# वनकर्मी डाल-डाल तो टाइगर पात-पात

## ट्रेंकुलाइज के लिए ट्रेस नहीं हो पा रही लोकेशन

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। थाना रेहड़ व कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में टाइगर ने ग्रामीणों एवं वनकर्मियों की नाक में दम कर रखा है। एक सप्ताह भर पूर्व थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर में स्कूल एवं एक डेयरी के पास गन्ने के खेत में दिखाई दिया टाइगर अभी तक वन विभाग को चकमा दिए हुए है। वनाधिकारियों, ने कैमरे ट्रैप व ब्लिंकिंग लाइटों सहित दो पिंजरे लगाकर उसे इमरतपुर में रेस्क्यू करने का प्रयास किया तो वह मच्छमार की ओर खिसक गया और मच्छमार एवं मौ.पुर राजौरी के बीच टाइगर राहगीरों को नदी पार करता हुआ नजर आया। वनकर्मी उधर दौड़े, ड्रोन वगैरा से लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया, मगर बाद में वह उधर से भी खिसक गया। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय वनाधिकारियों,**



मच्छमार में राजौरी के बीच नदी पार करता टाइगर। ड्रोन से टाइगर की लोकेशन ट्रेस करते वनकर्मी।

**कर्मचारियों की टीम के साथ-साथ पीलीभीत टाइगर रिजर्व एरिया से बुलाए गए वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. दक्ष गंगवार एवं जनपद के कई वन रेंज क्षेत्रों से बुलाई गई वनकर्मियों की टीमें टाइगर की लोकेशन ट्रेस करने के भरसक प्रयासों में लगी हुई हैं। गत दिवस वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक मुरादाबाद रमेश चंद्रा भी मौके पर पहुंचे और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। टाइगर को लेकर इमरतपुर, मच्छमार, मौ.पुर राजौरी सहित आसपास के गांवों के लोगों में दहशत बरकरार है।**

## सड़क पर आया मखना हाथी, डरकर भागे ग्रामीण



छतरीपट्टा में सड़क पर घूमता मखना हाथी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कल सुबह बादीगढ़-कल्लूवाला मार्ग पर छतरीपट्टा में एक जंगली देखे जाने से ग्रामीण भयभीत हो गए। ग्रामीणों ने आबादी के नजदीक इस मखना हाथी की मौजूदगी की सूचना संबंधित अमानगढ़ वन रेंज के कर्मचारियों को दी। मौके पर पहुंची वनकर्मियों की टीम ने बमुश्किल हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा।

# पुलिसकर्मियों ने मनाई राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' की 150वीं जयंती

## कोतवाली परिसर में गाया सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत


राष्ट्रगीत गाते पुलिस कर्मी।

जसपुर (चिंगारी)। देश के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों ने राष्ट्र गीत की जयंती मनाई। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्र गीत 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जन-जागरण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया था। आज सुबह 10 बजे कोतवाली परिसर में कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत वंदे मातरम् गाकर 150 वीं जयंती राष्ट्रीय गौरव के रूप में मनाई। ज्ञात हो कि वंदे मातरम् 24 जनवरी 1950 को भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया था। इस गीत ने दशकों तक देशवासियों में देश प्रेम, त्याग और बलिदान की भावना भरी। इस मौके पर एसएसआई जावेद मालिक, सुशील कुमार, संतोष देवरानी, रुचिका चौहान, आदि मौजूद रहे।

## 11 नवम्बर से तीन सप्ताह तक चलेगा वेलनेस, हेल्थ केयर प्रशिक्षण

कोटद्वार (चिंगारी)। जिला उद्योग केंद्र,कोटद्वार तथा ओजस्विनी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन सप्ताह का वेलनेस प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण यमकेश्वर ब्लाक के नीलकंठ स्थित टोली पंचायत भवन में 11 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। गुरुवार को जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने बताया कि रविवार एवं अवकाश दिवसों को छोड़कर कुल 21 दिन का प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को वेलनेस, हेल्थ केयर एवं प्राकृतिक उपचार के क्षेत्र में व्यावहारिक व सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## महाराष्ट्र से भटक कर आये बालक को परिजनों को सौंपा

कोटद्वार (चिंगारी)। परिजनों को बिन बताये महाराष्ट्र से हरिद्वार पहुंचकर भटक रहे एक बालक को लक्ष्मणझूला पुलिस ने सकुशल महाराष्ट्र के चंद्रपुर पुलिस के सहायक निरीक्षक मोहन धोगड़े के साथ परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी संतोष पैथवाल ने बताया कि 4 नवंबर को सेतु चौकी में नियुक्त खोया स्क्वायड के हेड कांस्टेबल महिपाल सिंह को एक बालक असहज अवस्था में घूमता हुआ मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर बालक ने बताया कि वह महाराष्ट्र के चंद्रपुर जनपद से घर वालों को बिना बताये हरिद्वार घूमने आ गया है। बालक ने बताया कि अब वह भटक गया है और यहां किसी को जानता भी नहीं है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने के बाद बालक के परिजन से संपर्क साधा और जानकारी दी कि उनका बच्चा यहां सुरक्षित है। इस मामले में बालक की गुमशुदगी महाराष्ट्र में दर्ज थी। बालक के ताऊजी वहां की पुलिस के साथ लक्ष्मणझूला पहुंचे और पुलिस ने बालक को उनके सुपुर्द कर दिया।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली
पत्रकार कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

## गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया, गुरुद्वारा परिसर सजाया, लंगर छकाया



ऋषिकेश (चिंगारी)। श्री गुरू नानक देव जी का प्रकाश पर्व, लक्ष्मण झूला मार्ग स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब में श्रद्धा व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। प्रात: काल से संगतों का गुरूद्वारा परिसर में आना शुरू हो गया था। गुरूद्वारा परिसर को फूलों व रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया था, जिससे गुरुघर की रौनक और बढ़ गई। प्रात: नौ बजे श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के अखण्ड पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर गुरुघर में पहुंचे प्रसिद्ध रागी भाई मनजीत सिंह राजा व साथी यू.एस.ए. वाले, भाई इंदरपाल सिंह व साथी चंडीगढ़ वालों द्वारा किये गये गुरबाणी कीर्तन से संगतें मंत्रमुग्ध हो उठीं। इनके अलावा रागी भाई ओमवीर सिंह व साथी हजूरी रागी श्री हेमकुंट साहिब ऋषिकेश तथा भाई गौरव सिंह व साथी श्री हेमकुंट साहिब वाले के साथ गुरमति संगीत बाल विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी गुरुबाणी कीर्तन सुनाकर सभी को गुरुभक्ति में लीन कर दिया। गुरूद्वारा परिसर में उपस्थित ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा ने बताया कि ऋषिकेश नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का दिनभर आगमन गुरूद्वारा परिसर में लगा रहा। संगतों ने गुरू दरबार में नतमस्तक होकर गुरू महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा लंगर प्रसाद ग्रहण किया। गुरूपर्व के इस पावन अवसर पर आये गणमान्य व्यक्तियों में महंत बलबीर सिंह, विक्की सेठी, बूटा सिंह, गगनदीप सिंह बेदी के अलावा अन्य संगतों ने भी गुरू दरबार हाजिरी में भरी। रात्रि समय गुरूद्वारा सरोवर पर मनमोहक दीपमाला के साथ-साथ आकर्षक आतिशबाजी भी की गई।

## नहाते समय गंगा में बह गया युवक, तलाश जारी

ऋषिकेश (चिंगारी)। थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्रांतर्गत मस्तराम घाट पर सायं एक युवक के गंगा नदी में नहाते समय डूब जाने की सूचना मिली सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट ढालवाला से रेस्क्यू टीम को तत्काल आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों एवं स्कूबा डाइविंग सेट के साथ घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर तुरंत स्थिति का आकलन किया और गंगा नदी में सर्च ऑपरेशन आरंभ किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डूबे हुए युवक की पहचान कुणाल वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा, 20 वर्ष, निवासी जीरकपुर, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। युवक बी.बी.ए. तृतीय वर्ष का छात्र है, जो अपने चार दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आया हुआ था। सायं के समय नहाते हुए वह गंगा की तेज धारा में बह गया। एसडीआरएफ टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आधुनिक उपकरणों, डीप डाइविंग तकनीक एवं बोट की सहायता से सघन सर्च अभियान संचालित किया जा रहा है। टीम के प्रशिक्षित गोताखोर नदी की गहराई और प्रवाह की तीव्रता का आकलन कर लगातार सर्चिंग कर रहे हैं। अंधेरा अधिक हो जाने के कारण सर्च ऑपरेशन अस्थायी रूप से रोक दिया गया, जिसे सुबह पुन: प्रारंभ किया गया। प्रभारी इंस्पेक्टर एसडीआरएफ कविंद्र सजवाण ने बताया कि नदी की गहराई, प्रवाह की तीव्रता एवं दृश्यता की कमी के कारण सर्चिंग में कठिनाई आ रही है, फिर भी टीम पूर्ण मनोयोग से सर्च अभियान में जुटी हुई है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मुख्य उद्देश्य 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को बढ़ावा देना : नारायण

### त्रिदिवसीय प्रारंभिक वर्ग का समापन

कोटद्वार (चिंगारी)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर जानकीनगर में आयोजित तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग का गुरुवार को समापन हो गया है। वर्ग के दौरान स्वयं सेवकों को चरित्र निर्माण, व्यक्ति निर्माण, राष्ट्र निर्माण, योगासन, दंड प्रशिक्षण अनुशासन व पंच परिवर्तन सहित मूलभूत विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र के 98 स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। बौद्धिक सत्र में प्रांत धर्म जागरण प्रमुख नारायण ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित और मजबूत करके राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाना है। इसका लक्ष्य अनुशासन और चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र प्रथम की भावना को बढ़ावा देना और समाज को राष्ट्र निर्माण में जोड़ना है। इसके अतिरिक्त संघ समाज सेवा, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र के विकास के लिए भी काम करता है। संपूर्ण प्रशिक्षण जिला संघ चालक लोकपाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान वर्ग कार्यवाह हरीश, जिला संघ चालक विष्णु अग्रवाल, जिला प्रचार प्रमुख अरविंद दुदपुड़ी और नगर शारीरिक प्रमुख योगेश सहित स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## समाजसेवी सुशील शर्मा का निधन



ऋषिकेश (चिंगारी)। मुख्य बाजार क्षेत्र रोड स्थित सहारनपुर वाली धर्मशाला, आश्रम के प्रबंधन समिति के प्रबंधक सुशील शर्मा (64 वर्ष) का लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली जिनका अंतिम संस्कार चंद्रेश्वर नगर स्थित मोक्ष धाम में विधि विधान के साथ किया गया। अपने पीछे पत्नी कमलेश शर्मा पुत्र अभिषेक शर्मा व अर्चित शर्मा छोड़ गए हैं। उनके पुत्र अभिषेक शर्मा ने बताया कि उनके पिता का स्वास्थ्य कुछ दिनों से खराब चल रहा था। उनका उपचार जॉली ग्रांट अस्पताल में चल रहा था और उन्होंने अंतिम सांस अपने घर पर ली। सुशील शर्मा के निधन पर उनके घर पर शुभचिंतकों का तांता लग गया। वह एक धर्मशाला के प्रबंधक के साथ-साथ समाज सेवक भी थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दीप शर्मा, कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल खरोला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रतीक कालिया, व्यापार सभा के अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री विजय सारस्वत, विनय सारस्वत, भगत राम कोठारी, राहुल शर्मा, इंद्र कुमार गोदवानी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सामूहिक सरल कन्या विवाह समारोह 23 को

कोटद्वार (चिंगारी)। भारत विकास परिषद की ओर से 23 नवम्बर को सामूहिक सरल कन्या विवाह समारोह आयोजित किया जायेगा। गुरुवार को परिषद संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल के हवाले से प्रवक्ता गोपाल बंसल ने बताया कि विवाह समारोह तड़ियाल चौक स्थित एक बारातघर में आयोजित किया जायेगा। मौके पर उन्होंने कोटद्वार व जिले की जनता से अपील की कि यदि कोई आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति अपनी पुत्री का विवाह करना चाहता है व उसका रिश्ता हो चुका है, तो वह आगामी 10 नवम्बर तक परिषद संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल से सम्पर्क कर सकता है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# करोड़ों की चोरी में मास्टर माइंड महिला से पूछताछ

## सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों तक पहुंची पुलिस

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्थानीय पुलिस नगर के बर्तन व्यापारी के यहां करीब सवा माह पूर्व हुई करोड़ों की चोरी के मामले में एक महिला सहित कई युवकों को पकड़ने के बाद खुलासे के नजदीक तक पहुंच गई है। बताया जाता है कि चोरी की घटना में पकड़ी गई एक महिला मास्टरमाइंड है, जिससे पूछताछ के आधार पर पुलिस चोरी में शामिल अन्य आरोपियों व चोरी में गये माल की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। उल्लेखनीय है कि 27 सितम्बर की रात को चोरों ने नगर के मौहल्ला बालकराम निवासी बर्तन व्यापारी योगेश तायल की दुकान में छत के रास्ते अंदर घुसकर वहां रखी तिजौरी के ताले तोड़कर उनके करोड़ों रूपए के पुश्तैनी आभूषण तथा करीब ढाई लाख रूपए की नकदी चोरी कर ली थी। बताया जाता है कि पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर इस चोरी के आरोपियों तक पहुंच गई है। पुलिस ने इस मामले में नगर के मौहल्ला सब्नीग्रान में एक घर पर छापा मारकर वहां से एक युवक व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने उसके घर से चोरी के सोने के कुछ बिस्कुट भी बरामद किये थे। बताया जाता है कि चोरी की इस सनसनीखेज घटना की मुख्य आरोपी मास्टर माइंड महिला है, जिससे पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है। पूछताछ में पुलिस को कुछ आरोपियों के देहरादून व चंडीगढ़ में होने की खबर मिली है। पुलिस की टीम चोरी के अन्य आरोपियों तक पहुंचने तथा चोरी का माल बरामद कर इस घटना का जल्दी ही खुलासा करने के प्रयास में जुटी है। पुलिस जल्दी ही इस चोरी के घटना के खुलासे की बात तो कर रही है, मगर अभी चोरों व माल आदि के बारे में कुछ बताने से इंकार कर रही है।

# रात में चल रहे अवैध खनन की ट्राली के नीचे दबकर चालक की मौत



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** रामगंगा नदी किनारे रात के अंधेरे में चल रहे अवैध खनन के दौरान खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबकर एक युवा ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा खदरी निवासी गुरुबख्श सिंह (25 वर्ष) पुत्र अमरजीत सिंह गांव के ही एक व्यक्ति के ट्रैक्टर पर चालक है। बीती रात्रि गुरुबख्श ट्रैक्टर-ट्राली लेकर रामगंगा नदी किनारे खनन भरने गया था। बताया जाता है कि ट्रॉली में खनन भरकर वापस लौटते समय सवेरे 4 बजे गुरुबख्श ट्रैक्टर से नीचे गिर गया, इस दौरान ट्रैक्टर तथा ट्राली का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। दुर्घटना होने के बाद खनन कार्य में लगे अन्य ट्रैक्टर चालक जब गंभीर अवस्था में घायल गुरुबख्श को उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ़ ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद मृतक के शव को ट्रैक्टर चालक उसके घर पर ले गए। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक बढ़ापुर व सीओ नगीना को फोन पर दी गई। समाचार दिये जाने तक परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे।

## सर्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि

श्री मौ. राशिद पुत्र श्री रकीव अहमद निवासी जाकिर नगर, दिल्ली ने अपनी पुत्री रिदा राशिद का जन्म का रजिस्ट्रेशन नगर पालिका परिषद शेरकोट, जनपद बिजनौर के जन्म रजिस्टर वर्ष 2008 के रजिस्ट्रेशन संख्या 154 पंजीकरण दिनांक 24.03.2008 पर अंकित है। इस रजिस्ट्रेशन में जन्म दिनांक-10.03.2008 अंकित है। उक्त में जन्म दिनांक सही कराने हेतु प्रार्थी द्वारा उक्त जन्म प्रमाण को निरस्त कराने का अनुरोध किया गया है।

अत: समस्त सम्बन्धित एवं असम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि यदि उक्त जन्म प्रमाण-पत्र के निरस्तिकरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना चाहे तो वह स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के द्वारा इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति अथवा प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। तदोपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निरस्त करने की अनुमति प्रदान कर दी जायेगी।

**नोडल अधिकारी ( जन्म-मृत्यु )**
**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिजनौर**

# 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन हुआ






**बिजनौर ( चिंगारी )।** बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन व सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस लाइन में एसपी अभिषेक झा के नेतृत्व में हुए सामूहिक गायन कार्यक्रम में समस्त अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने देशभक्ति एवं एकता का संदेश देते हुए वंदे मातरम गीत का उत्साहपूर्वक सामूहिक गायन किया। प्रात: करीब 10-30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, श्रीमती वान्या सिंह की अध्यक्षता में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर की छात्राओं के साथ वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जनपद के सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में भी राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया।

